वर्ष-11 अंक-34 पृष्ठ-8 मूल्यः 3 रुपये

प्रयागराज, बुधवार 09 अप्रैल 2025

TM

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

11 YEARS ANNIVERSARY

प्रयागराज से प्रकाशित एवं सम्पूर्ण भारत वर्ष में प्रसारित

आधुनिक समाचार नेटर्वक

Download From Google Play

Adhunik Samachar

## संक्षिप्त समाचार

### सुप्रीम कोर्ट ने धमकी मामले में हाईकोर्ट के आदेश में दखल देने से किया इनकार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के आदेश में दखल देने से मना कर दिया, जिसमें एक पूर्व पुलिस अधिकारी और राज्य के अधिकारियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल करने पर रोक लगाई गई थी। इन अधिकारियों पर आरोप था कि उन्होंने व्यापारी को अपनी परिवार की हिस्सेदारी एक निजी कंपनी को बेचने का दबाव बनाया। कोर्ट ने कहा कि मामला अभी भी हाईकोर्ट में लंबित है, जो आरोपपत्र दाखिल करने पर विचार करेगासुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के एक आदेश में दखल देने से इनकार किया। हाईकोर्ट ने पुलिस को एक पूर्व वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और राज्य के कुछ अधिकारियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल करने पर रोक लगाई थी। आरोप था कि इन अधिकारियों ने व्यापारी को अपने परिवार की हिस्सेदारी एक निजी कंपनी को बेचने के लिए धमकाया। जस्टिस बी.वी.नागरत्ना और सत्येंद्र चंद्र शर्मा की बेंच ने कहा कि वह हाईकोर्ट के आदेश में दखल नहीं देना चाहती। राज्य की ओर से पेश महाधिवक्ता अनुप कुमार रतन ने कहा कि हाईकोर्ट द्वारा गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) ने व्यापारी की ओर से लगाए गए आरोपों की जांच पूरी कर ली है। अब एसआईटी को अधिकार क्षेत्र वाले कोर्ट के समक्ष आरोपपत्र दाखिल करनी है। बेंच ने कहा कि मामला अभी भी हाईकोर्ट में लंबित है, जो आरोपपत्र दाखिल करने के पहलू की जांच करेगा। रतन ने कहा कि हाईकोर्ट ने प्राथमिकी में कुछ अतिरिक्त धाराएं जोड़ने का आदेश दिया है। जस्टिस नागरत्ना ने कहा, 'अब जब जांच पूरी हो चुकी है, तो इस कोर्ट को दखल करने की जरूरत क्यों है? आप हाईकोर्ट के पास जाइए।' हाईकोर्ट ने 23 सितंबर 2023 को एसआईटी की जांच पर असंतुष्टि जताई थी। टीम में दो महानिरीक्षक रैंक के अधिकारी संतोष कुमार पटियाल और अभिषेक दुलार शामिल थे।

## गोली लगा शव मिला, परिजनों पर टूटा दुखों का पहाड़; 55 लाख खर्च कर भेजा था

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**नई दिल्ली।** अंकित (24) अमेरिका के टेक्सास शहर में एक स्टोर पर काम करता था और स्टोर के सामने ही एक होटल में रहता था। रविवार की सुबह होटल के कमरे में उसका शव मिला है। अंकित की गोली लगने से मौत हुई है। अमेरिका में संदिग्ध हाल में गोली लगने से पानीपत के सेक्टर-आठ निवासी एक युवक की मौत हो गई। उसका शव रविवार की सुबह अमेरिका के टेक्सास शहर के एक होटल के कमरे में मिला है। पानीपत के मॉडल टाउन निवासी एक युवक ने परिजनों को इसकी सूचना दी। जिसके बाद से ही परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। परिजन शव को स्वदेश लाने का प्रयास कर रहे हैं। सेक्टर-आठ में रहने वाले दीपक ने बताया कि उसका छोटा भाई अंकित (24) 31 मार्च 2024 को अमेरिका गया था। वह टेक्सास शहर में एक स्टोर पर काम करता था और स्टोर के सामने ही एक होटल में रहता था। रविवार रात को उनके आवास पर पानीपत के ही मॉडल टाउन का एक युवक आया। उसने बताया कि अंकित की गोली लगने से मौत हो गई है। उन्हें पहले तो इस पर विश्वास नहीं हुआ। उसने अंकित के मोबाइल पर कॉल की लेकिन उसका कोई जवाब नहीं मिला। उसके साथियों और स्टोर मैनेजर से बात की तो उन्होंने अंकित की गोली लगने से मौत होने के बारे में जानकारी दी। दीपक ने बताया कि अंकित को करीब 55 लाख रुपये खर्च कर अमेरिका भेजा गया था। उनकी अंकित से हर रोज बात होती थी। उसकी रविवार सुबह भी करीब 15 मिनट तक बात हुई थी। उसने मकान के लोन की किस्त के लिए पैसे भेजने की बात कही थी लेकिन अचानक से उसकी मौत की खबर आने से परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। सोमवार को दिनभर आवास पर रिश्तेदारों और करीबियों का आना-जाना लगा रहा। परिजन अब अंकित के शव को भारत लाने का प्रयास कर रहे हैं। दीपक ने बताया कि वह तीन भाई बहन हैं। अंकित सबसे छोटा था। फरवरी माह में उनके पिता पवन की सड़क हादसे में घायल हो गए थे। जिनका उपचार काफी समय से पीजीआई रोहतक में चला। इसके कुछ दिनों बाद ही उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई थी। अंकित पिता की मौत पर भी नहीं आ पाया था। जिस कारण अंकित कुछ तनाव में भी रहता था। दीपक ने बताया कि हाल ही में उनकी बहन का रिश्ता हुआ था। नवंबर माह में उसकी शादी होनी है। जिस कारण अंकित प्रतिदिन 13 से 19 घंटे तक काम करता था।




## 'मुसलमानों को मिलेगी गुलामी से मुक्ति, भारत होगा दंगा मुक्त', वक्फ कानून पर बोले आरएसएस नेता इंद्रेश कुमार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**नई दिल्ली।** वक्फ कानून पर जारी सियासी घमासान के बीच आरएसएस के वरिष्ठ नेता इंद्रेश कुमार ने इस कानून की खासियत पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि इस विधेयक के कानून बनने से मुसलमानों को कांग्रेस और इंडी गठबंधन की गुलामी से मुक्ति मिल जाएगी। वहीं दूसरी ओर आरएसएस महासचिव दत्तात्रेय होसबोले ने भी राष्ट्र निर्माण में भाग लेने के लिए प्रेरित करने पर जोर दिया।देशभर में नए वक्फ कानून को लेकर सियासत में तेज है। केंद्र सरकार और विपक्ष दोनों के बीच इस कानून को लेकर आरोप-प्रत्यारोप की रानजीति अपने चरम है। इसी बीच वक्फ कानून को लेकर राष्ट्रीय स्वयं संघ (आरएसएस)नेता इंद्रेश कुमार ने सोमवार को अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि इस विधेयक के कानून बनने से मुसलमानों को कांग्रेस और इंडी गठबंधन की गुलामी से मुक्ति मिल जाएगी। उनका मानना है कि इस विधेयक से भारत में दंगे मुक्त वातावरण सुनिश्चित होगा। इंद्रेश कुमार ने यह भी कहा कि जो लोग यह कहते हैं कि इससे इस्लामवाद खत्म हो जाएगा, वे झूठ बोल रहे हैं।दूसरी ओर आरएसएस महासचिव दत्तात्रेय होसबोले ने सोमवार को युवाओं को राष्ट्र निर्माण में भाग लेने के लिए प्रेरित करने पर जोर दिया। मुंबई में एक पुस्तक विमोचन समारोह में बोलते हुए उन्होंने कहा कि युवाओं को जागरूक करने के लिए एक सही कथा की जरूरत है, जो उन्हें समाज के निर्माण कार्य में शामिल करे।होसबोले ने हिंदुत्व के महत्व पर भी बात पर जोर दिया।




## पारा चढ़ा तो बढ़ीं आग लगने की घटनाएं 6 दिन में आग की 824 कॉल मिलीं, दमकल विभाग अलर्ट

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**नई दिल्ली।** दिल्ली दमकल विभाग के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। अधिकारियों का कहना है कि अप्रैल, मई और जून के लिए यह आदेश जारी किया गया है। दिल्ली फायर सर्विस के डिप्टी फायर चीफ डॉ. संजय कुमार तोमर ने बताया कि हर साल देखा गया है कि गर्मियों की शुरुआत के साथ ही अचानक आग लगने की घटनाओं में इजाफा हो जाता है। अप्रैल का पहला ही सप्ताह गर्मी के सारे रिकॉर्ड तोड़ने को तैयार है। चढ़ते पारे के बीच एकाएक राजधानी में आग लगने की घटनाओं में तेजी से इजाफा हो गया है। अप्रैल के शुरुआती छह दिनों के आंकड़ों पर गौर करें तो दिल्ली फायर सर्विस (डीएफएस) के कंट्रोल रूम को 824 कॉल्स मिलीं। हालात को देखते हुए डीएफएस अलर्ट मोड पर आ गया है।आनन-फानन में दमकल विभाग के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। अधिकारियों का कहना है कि अप्रैल, मई और जून के लिए यह आदेश जारी किया गया है। तमाम स्टाफ को 24 घंटे अलर्ट मोड पर रहने के लिए कहा गया है। दमकल विभाग सभी दफ्तरों, स्कूल, कॉलेज और दूसरे स्थानों पर जाकर लोगों को आग से बचाव के लिए जागरूक कर रहा है।दिल्ली फायर सर्विस के डिप्टी फायर चीफ डॉ. संजय कुमार तोमर ने बताया कि हर साल देखा गया है कि गर्मियों की शुरुआत के साथ ही अचानक आग लगने की घटनाओं में इजाफा हो जाता है। ऐसे में आग की घटनाओं में कमी लाने और आग लगने की सूरत में जल्द से जल्द मदद पहुंचाने के प्रयास किए जाते हैं।दमकल विभाग के पास छोटी-बड़ी सारी मिलाकर लगभग 300 गाड़ियां हैं, इनमें से कई गाड़ियां ब्रेक डाउन होने के कारण सर्विस में नहीं होतीं।




## बीएफएसआई क्षेत्र की साइबर सुरक्षा बढ़ाने के लिए पहली डिजिटल खतरा रिपोर्ट जारी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**नई दिल्ली।** बैंकिंग, वित्तीय सेवा, बीमा क्षेत्र की साइबर सुरक्षा बढ़ाने के लिए पहली डिजिटल खतरा रिपोर्ट जारी की गई है। इससे उभरते जोखिमों की पहचान की, दीर्घकालिक लचीलापन अपनाने में मदद मिलेगी।इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं और बीमा (बीएफएसआई) क्षेत्र के लिए डिजिटल खतरा रिपोर्ट 2024 लॉन्च की है। अपनी तरह की इस पहली रिपोर्ट में मौजूदा और उभरते साइबर खतरों और बचाव रणनीतियों का विस्तृत विश्लेषण दिया गया है। इससे दीर्घकालिक साइबर सुरक्षा लचीलेपन को मजबूत करने में मदद मिलेगी। डिजिटल खतरा रिपोर्ट तैयार करने में सीईआरटी-इन, सीएसआईआरटी-फिन और वैश्विक साइबर सुरक्षा कंपनी एसआईएसए ने अहम सहयोग किया। रिपोर्ट जारी होने के मौके पर इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव आईएएस एस कृष्णन ने वित्तीय क्षेत्र के तेजी से डिजिटल होने से जुड़े बढ़ते साइबर जोखिमों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, एक एकल साइबर हमले के प्रणालीगत नतीजे हो सकते हैं, जो प्रारंभिक लक्ष्य से परे कई संस्थाओं को प्रभावित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह राष्ट्रीय और क्षेत्रीय स्तर पर समन्वित साइबर सुरक्षा प्रयासों की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित करता है। यह रिपोर्ट बीएफएसआई संगठनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने, वित्तीय स्थिरता जोखिमों को कम करने और साइबर हमलों का प्रभावी ढंग से मुकाबला करने के लिए एक सामूहिक साइबर सुरक्षा रणनीति बनाने में सक्षम बनाएगी।



## युवती के बाप से थे बीनू के दोस्ताना संबंध, ऐसे शुरू हुआ अफेयर

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**नई दिल्ली।** यूपी के फतेहपुर जिले में शादीशुदा प्रेमी की बर्बरता से हत्या का मामला सामने आया है। युवक के प्रेमिका के पिता से दोस्ताना संबंध थे। एक ही रोजगार से जुड़े होने पर बीनू ने जान-पहचान बढ़ाई थी। इसके बाद बीनू का युवती से अफेयर शुरू हुआ।यूपी के फतेहपुर जिले के गाजीपुर से दिल दहलाने वाली खबर सामने आई है। यहां एक शादीशुदा युवक को प्रेम-प्रसंग में रूह कंपाने वाली मौत दी गई है। पहाड़पुर में रविवार रात बेटी के शादीशुदा प्रेमी को बहाने से बुलाकर बाप और उसके परिवार ने जमकर पीटा। प्लास से हाथ और पैर की अंगुलियों के नाखून उखाड़ दिए। कान में पेचकस घुसेड़ दिया। मरणासन्न हालत में घर से बाहर फेंक दिया। रात भर युवक तड़पता रहा। सोमवार सुबह अस्पताल में डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने युवती के पिता सहित तीन लोगों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है।गाजीपुर थाना क्षेत्र के सामियाना निवासी बीनू रैदास (27) घरों में पट्टी का काम करता था। घरों में पुट्टी व पेंट करने वाले बीनू का पहाड़पुर गांव में चचेरे भाई की ससुराल होने पर आना-जाना था। इसी बीच उसकी मुलाकात घर बनाने वाले राजगीर से हुई। एक ही रोजगार से जुड़े होने पर दोनों में दोस्ताना संबंध हो गए थे। युवक को आभास नहीं हुआ होगा कि दोस्त को प्रेम इतना नागवार गुजरेगा कि ऐसी मौत देगा।थाना हुसैनगंज गांव सामियाना निवासी बीनू पुट्टी पताई का काम करता था। वह काम करने आसपास के क्षेत्र तक जाता था। उसके चचेरे भाई उमेश रैदास की थाना क्षेत्र के ही पहाड़पुर में ससुराल है। उसके चलते भी उसका वहां आना-जाना था। एक साल पहले पहाड़पुर निवासी एक गैरबिरादरी के घर बनाने का काम करने वाले राजगीर से मुलाकात हो गई।दोनों का एक ही रोजगार होने से दोस्ती हो गई। उसका राजगीर के घर आना-जाना बढ़ गया। इस बीच राजगीर की बेटी से बीनू के प्रेम संबंध हो गए। इसकी भनक पिता समेत परिजनों को लग गई। उन्होंने बीनू को रास्ते से हटाने की ठानी। उसे रविवार शाम को नया पुरवा में नौटंकी देखने के लिए बुलाया। बताया जा रहा है कि वहां शराब भी पी गई। प्रेमिका के फोन करने पर देर रात करीब तीन बजे बीनू पहाड़पुर गांव में राजगीर के घर पहुंचा। वहां पिता, भाई ने कुछ सहयोगियों के साथ मिलकर बेदम पिटाई की। घर बनाने के औजारों को मारपीट में इस्तेमाल किया। सोमवार भोर पहर घर के बाहर मरणासन्न हालत में सड़क पर फेंक दिया। सुबह ग्रामीणों ने गंभीर हालत में युवक को देखकर चचेरे भाई के घरवालों को सूचना दी। वह मौके पर पहुंचे और बीनू के पिता को बुलाया। इस दौरान प्रेमिका के परिजन घर पर ही मौजूद रहे।





## इस ट्रेन से कर सकेंगे सात ज्योतिर्लिंग की यात्रा, जानें किराया और कब से होगी शुरुआत

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**नई दिल्ली।** ट्रेन 12 मई 2025 को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से 12 रात/13 दिन की यात्रा के साथ शुरू होगी। यात्रा के दौरान भोजन और आवास की व्यवस्था भी आईआरसीटीसी करेगा। ट्रेन में प्रथम श्रेणी (एसी), द्वितीय श्रेणी (एसी 2-टियर) और सामान्य श्रेणी (स्लीपर) के कोच होंगे। महाकाल सहित सात ज्योतिर्लिंग दर्शन की इच्छा रखने वाले श्रद्धालुओं के लिए अच्छी खबर है। भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) ने 7 ज्योतिर्लिंग दर्शन के लिए भारत गौरव ट्रेन शुरू करने की योजना बनाई है। यह ट्रेन 12 मई 2025 को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से 12 रात/13 दिन की यात्रा के साथ शुरू होगी।ज्योतिर्लिंग यात्रा ट्रेन दिल्ली से चलकर सोमनाथ, त्र्यंबकेश्वर (नासिक), उज्जैन (महाकालेश्वर), ओंकारेश्वर, भड़केश्वर, रामेश्वरम आदि को कवर करेगी। ट्रेन में प्रथम श्रेणी (एसी), द्वितीय श्रेणी (एसी 2-टियर) और सामान्य श्रेणी (स्लीपर) के कोच होंगे।यात्रा के दौरान भोजन और आवास की व्यवस्था भी आईआरसीटीसी करेगा। सामान्य श्रेणी के टिकट की कीमत 27,455 रुपये, द्वितीय श्रेणी की 38,975 रुपये और प्रथम श्रेणी के टिकट की कीमत 51,365 रुपये होगी। यात्री आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर जाकर टिकट बुक कर सकते हैं। ज्योतिर्लिंग यात्रा ट्रेन देश के प्राचीन और पवित्र धार्मिक स्थलों को एक सूत्र में पिरोएगी। यह सेवा भक्तों को सोमनाथ के ऐतिहासिक मंदिर से लेकर रामेश्वरम के समुद्र तटों तक की यात्रा करने का अवसर प्रदान करेगी।




## लेक व्यू गोल्फ कोर्स को नए सिरे से चमकाएगा डीडीए, अब मिलेगी ये और सुविधाएं

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**


**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के भलस्वा में लेक व्यू गोल्फ कोर्स को डीडीए नया रूप देने जा रहा है। यहां पर प्रैक्टिस पुटिंग ग्रीन एरिया तैयार किया जाएगा। गोल्फर्स को अपने पुटिंग के अभ्यास और वार्म-अप के लिए भी जगह मिलेगी। भलस्वा में अपने लेक व्यू गोल्फ कोर्स को डीडीए नए सिरे से चमकाने जा रहा है। यहां पर एक अतिरिक्त प्रैक्टिस पुटिंग ग्रीन एरिया तैयार किया जा रहा है और एक अतिरिक्त बंकर भी बनाया जा रहा है, जहां पर गोल्फर्स को अपने पुटिंग के अभ्यास और वार्म-अप के लिए पर्याप्त जगह मिलेगी।प्रैक्टिस पुटिंग ग्रीन एरिया, मूल गोल्फ कोर्स के पुटिंग ग्रीन से अलग होता है, यहां गोल्फर राउंड से पहले अपने पुटिंग स्ट्रोक को वार्म अप करते हैं। डीडीए के अधिकारियों के मुताबिक, ग्रीन व्यू कोर्स पहले से अधिक हरा भरा दिखाई देगा, जिसके रखरखाव के लिए 48 बेलदारों की तैनाती की जाएगी। नए बेलदारों की भर्ती प्रक्रिया डीडीए ने शुरू कर दी है। इसे साल भर में नया स्वरूप देने की योजना है। नए प्रैक्टिस पुटिंग ग्रीन एरिया और बंकर को करीब छह महीने में तैयार करने की योजना है। डीडीए लेक व्यू गोल्फ कोर्स 79 एकड़ क्षेत्र में फैला है, जिसमें कुल नौ होल गोल्फ कोर्स है। यह मुकुंदपुर गांव के पास मुकरबा चौक से एक किमी दूर आउटर रिंग रोड पर भलस्वा झील परिसर में स्थित है। इसमें 220 गज की ड्राइविंग रेंज है, जिसमें 10 ड्राइविंग बे, एक प्रैक्टिस पुटिंग ग्रीन और बंकर के साथ चिपिंग एरिया है।डीडीए ने लाडो सराय में कुतुब गोल्फ कोर्स भी विकसित किया है, जिसमें 18 होल हैं। यह देश में विकसित पहला सार्वजनिक गोल्फ कोर्स भी है। इसके बाद डीडीए ने भलस्वा गोल्फ कोर्स को पे एंड प्ले सुविधा की योजना के इरादे से एक सार्वजनिक गोल्फ कोर्स के रूप में विकसित किया। इसके अतिरिक्त दिल्ली में द्वारका में डीडीए का एक और गोल्फ कोर्स है, जिसे बीते साल दिसम्बर में खोला गया है। 158 एकड़ में फैले 18 होल वाले इस गोल्फ कोर्स में 52 हिटिंग बे और 375 गज की ड्राइविंग रेंज है। डीडीए के मुताबिक, ये भारत का सबसे लंबा गोल्फ कोर्स भी है।



## प्रॉपर्टी का रजिस्ट्रेशन होगा पेपरलेस, नहीं काटने होंगे दफ्तरों के चक्कर

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में जल्द ही प्रॉपर्टी का रजिस्ट्रेशन पेपरलेस हो जाएगा। जिसको लेकर लोगों को दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने होंगे। सीएम रेखा गुप्ता ने अधिकारियों के साथ बैठक की। लोगों को रजिस्ट्रार दफ्तर के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। जल्द ही पेपरलेस प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन की सुविधा मिलेगी। सीएम रेखा गुप्ता ने सोमवार को सभी राजस्व जिलों के जिलाधिकारियों के साथ कामकाज की समीक्षा बैठक के बाद यह महत्वपूर्ण घोषणा की।इस बैठक के दौरान दिल्ली के सभी 11 राजस्व जिलों के जिलाधिकारी मौजूद रहे। सीएम रेखा गुप्ता ने बताया कि इस बैठक में प्रशासनिक कार्यों की प्रगति, जनसेवा के कार्य, भूमि संबंधी विवादों, अतिक्रमण की स्थिति, भू-स्वामित्व रिकॉर्ड के डिजिटलीकरण, आपदा प्रबंधन तैयारियों और राजस्व कार्यालयों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत चर्चा की गई।सभी जिलाधिकारियों को क्षेत्र में नियमित निरीक्षण और जनता से संवाद करने के निर्देश दिए गए हैं। नागरिक सेवाओं की स्थिति, ई-डिस्ट्रिक्ट प्लेटफॉर्म के माध्यम से दी जा रही सेवाओं की प्रगति, जन शिकायतों के समाधान की प्रक्रिया, भू-अभिलेखों के डिजिटल करने और आपदा प्रबंधन से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।सप्ताह में एक दिन जनसुनवाई कैंप : सीएम ने कहा कि सभी जिलाधिकारी सप्ताह में एक दिन जन सुनवाई कैंप लगाएं। ईडब्ल्यूएस प्रमाणपत्रों को जारी करने में पाई जाने वाली अनियमितताओं की त्वरित जांच हो और दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाए। 15 दिन के भीतर सभी जिलाधिकारी अपने कामकाज की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करें।नागरिक सेवाओं को अधिक प्रभावी और यूजर फ्रेंडली बनाने के लिए ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल को अपग्रेड किया जाए।



## प्राइवेट स्कूलों में फीस बढ़ोतरी पर सरकार सख्त निजी स्कूलों का होगा ऑडिट, दोषी मिलने पर होगी एफआईआर

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सचिवालय में शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने निजी स्कूलों में ऑडिट के निर्देश दिए हैं। जांच कमेटी में एसडीएम, तहसीलदार और अकाउंट विभाग के लोग शामिल होंगे। फीस वृद्धि में मनमानी रोकने के लिए दिल्ली सरकार ने 1,677 निजी स्कूलों के ऑडिट का फैसला किया है। हर जिले के एसडीएम के नेतृत्व में तीन सदस्यों की टीम स्कूलों का निरीक्षण और ऑडिट करेगी। दोषी मिलने पर मुकदमा दर्ज होगा। वहीं, दस दिन में स्कूलों की फीस बढ़ोतरी का ब्योरा शिक्षा निदेशालय की वेबसाइट पर सार्वजनिक किया जाएगा। बढ़ी फीस अभिभावकों को वापस दिलाई जाएगी। बढ़ी फीस को लेकर अभिभावक सीधे ईमेल आईडी से निदेशालय को शिकायत कर सकेंगे। हाईकोर्ट में फीस मामलों की जल्द सुनवाई के लिए दिल्ली सरकार पैरवी करेगी। दिल्ली सचिवालय में शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने निजी स्कूलों में ऑडिट के निर्देश दिए हैं। जांच कमेटी में एसडीएम, तहसीलदार और अकाउंट विभाग के लोग शामिल होंगे। शिक्षा मंत्री ने फीस वृद्धि पर पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी और पूर्व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि पिछले दस वर्षों में जिन स्कूलों ने 2024-25 तक फीस बढ़ाई है, उनका ऑडिट रिकॉर्ड मंगवाया गया है। सूद ने बताया, द्वारका स्थित निजी स्कूल ने पांच साल में 20, 13, 9, 8 व 7 फीसदी फीस बढ़ाई। डीएम कापसहेड़ा के नेतृत्व में इस स्कूल की जांच चल रही है। आतिशी व सिसोदिया ने आरोप लगाया था कि दिल्ली की शिक्षा व्यवस्था अब माफिया के हवाले है व कई स्कूलों ने 20 से 82 फीसदी तक फीस वृद्धि की है।जांच कमेटी में एसडीएम, तहसीलदार और अकाउंट विभाग के लोग शामिल होंगे। फीस वृद्धि संबंधी शिकायतों को लेकर अभिभावक सीधेर् ीर्मुेस्त.म्दस् ईमेल कर सकेंगे। शिक्षा निदेशालय के दफ्तर में जाकर भी शिकायत दर्ज करवा सकेंगे। उप शिक्षा निदेशक की अध्यक्षता में शिकायत की जांच होगी। शिक्षा मंत्री ने कहा कि पिछले दस वर्षों में जिन स्कूलों ने 2024-25 तक फीस बढ़ाई है उनके ऑडिट रिकॉर्ड को मंगवाया है। शिक्षा मंत्री ने बताया कि पिछली सरकार के दस साल के शासनकाल में दिल्ली के 1677 निजी स्कूलों में से सिर्फ 75 स्कूलों का ही हर साल ऑडिट हुआ। उन्होंने स्पष्ट किया कि साल 2004 के एक निजी स्कूल के केस में दिल्ली हाईकोर्ट ने साफ कर दिया था ।








# नैनी पुलिस और एसओजी की जोड़ी ने फिर किया कमाल, कई असलहा तस्कर गिरफ्तार



(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**प्रयागराज।** एसओजी प्रभारी यमुनानगर नवीन सिंह की अगुवाई मे एसओजी व नैनी थाना पुलिस टीम की कार्रवाई में 3 अंतर्जनपदीय असलहा तस्कर गिरफ़्तार ।उनके पास से से 10 अदत स्वचालित अवैध पिस्टल व चार अदत अवैध तमंचा, 315 बोर 08 अगस्त पिस्टल की खाली मैगजीन व 700 बरामद की गई ।आज मुखबिर की सूचना पाकर थाना नैनी पुलिस और एसओजी यमुनानगर की टीम ने पुराना टोल प्लाजा नैनी अंडर पास के पास धावा बोल के तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया । इनके ही एक साथी की तलाश अभी भी जारी है । नैनी पुलिस एवं एसओजी की यह एक बड़ी उपलब्धि बतायी जा रही है ।

# पीपीपी मॉडल से चमकेगा लखनऊ का चारबाग बस अड्डा, छह मंजिला बनेगी बिल्डिंग

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**लखनऊ।** लखनऊ का चारबाग बस अड्डा पीपीपी मॉडल से चमकेगा। इसकी बिल्डिंग छह मंजिला बनाई जाएगी।यहां की मिट्टी की जांच शुरू हो गई है। जल्द ही निर्माण शुरू हो जाएगा। राजधानी लखनऊ के चारबाग बस अड्डे को पीपीपी मॉडल पर बनाने का काम शुरू कर दिया गया है। अभी मिट्टी की टेस्टिंग की जा रही है। इसकी रिपोर्ट आने के बाद निर्माण शुरू होगा। यहां जल्द ही आधुनिक सुविधाओं से लैस करीब छह मंजिला बस अड्डा बनाया जाएगा।उत्तर प्रदेश परिवहन निगम प्रदेशभर में बस अड्डों को पीपीपी मॉडल पर तैयार करवा रहा है। इससे बस अड्डों पर अत्याधुनिक सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। चारबाग स्टेशन को भी इसी मॉडल के तहत तैयार किया जा रहा है। विभूतिखंड, गोमतीनगर और अमौसी वर्कशॉप को भी पीपीपी मॉडल पर बस स्टेशन बनाया जाएगा। गोमतीनगर में बस अड्डा बनाने का काम शुरू हो चुका है।चारबाग शहर के प्रमुख बस अड्डों में से एक है।



# 6 घंटे तिवारी हाते में थी ईडी टीम, चाबी गुम...छीनी-हथौड़े से अलमारी का तुड़वाया लॉक- जानिए क्या मिला

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**गोरखपुर।** अलमारी को खोलने के लिए कहा। पता चला कि उसकी चाबी ही गायब हो गई है। तब धर्मशाला बाजार से ताल-चाबी की दुकान चलाने वाले कारीगर भोला प्रसाद को बुलाया गया। उन्होंने 15 मिनट में लॉक तोड़ दी। हालांकि अलमारी में कोई ऐसा सामान नहीं मिला। फिर टीम ने भोला को वापस भेज दिया। धर्मशाला स्थित स्व. पंडित हरिशंकर तिवारी के हाता पर सुबह छह बजे ईडी का छापा पड़ा तो इलाके में हड़कंप मच गया। घर की जांच चल रही थी, इस दौरान टीम ने घर के सदस्यों से एक कमरे की अलमारी को खोलने के लिए कहा। पता चला कि उसकी चाबी ही गायब हो गई है। तब धर्मशाला बाजार से ताल-चाबी की दुकान चलाने वाले कारीगर भोला प्रसाद को बुलाया गया। उन्होंने 15 मिनट में लॉक तोड़ दी। फिर नया लॉक भी लगाया।बताया जा रहा है कि चाबी गायब होने की बात पर ईडी की टीम को अलमारी में कुछ होने का संदेह हुआ। इस वजह से लॉक तुड़वाया, हालांकि उस अलमारी में कुछ भी नहीं मिला। इसके बाद कारीगर भोला प्रसाद को वापस भेज दिया गया। टकटकी लगाए रहे समर्थकतिवारी हाते के गेट पर टीम के साथ आए सुरक्षा कर्मी तैनात रहे, अंदर टीम जांच पड़ताल करती रही। छापा की सूचना पर समर्थकों का भी आना-जाना शुरू हो गया। कुछ लोग हाते के अंदर भी गए, लेकिन सुरक्षा कर्मियों ने कोई रोक-टोक नहीं की। वहीं हाते की सामने एक चाय की दुकान पर सुबह से ही 15- 20 समर्थक बैठे रहे। वे दोपहर तक वहां पर बैठकर अंदर की गतिविधियों पर नजर बनाए हुए थे। इसी तरह धर्मशाला स्थित तिवारी हाता के अगल-बगल से लोग छतों और आस-पास खड़े होकर अंदर झांकते दिखे। जैसे ही ईडी की टीम बाहर निकली, सभी समर्थक अंदर जाकर पूर्व सांसद कुशल तिवारी से मिले।



# पास हो सकते हैं पीडब्लूडी और आवास से जुड़े प्रस्ताव, संघ प्रमुख आज लखनऊ में

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**लखनऊ।** यूपी कैबिनेट की महत्वपूर्ण बैठक आज होनी है। इसमें कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लग सकती है। दूसरी तरह संघ प्रमुख आज लखनऊ में संघ पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को कैबिनेट की बैठक होगी। इसमें आवास और पीडब्ल्यूडी के महत्वपूर्ण प्रस्ताव पास होने की संभावना है। यमुना एक्सप्रेसवे से ईस्टर्न पेरिफेरल को जोड़ने का काम अब यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के बजाय एनएचएआई करेगी। यीडा के पूर्व स्वीकृत प्रस्ताव को रद्द किया जाएगा, ताकि एनएचएआई द्वारा निर्माण करने का रास्ता साफ हो सके।इसके अलावा आवास विभाग के उप्र हाईटेक टाउनशिप नीति में संशोधन से संबंधित प्रस्ताव और नगरीय उपयोग प्रभार शुल्क वसूलने के लिए तैयार की गई नियमावली को भी मंजूरी दी जा सकती है।निजीकरण के विरोध में विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति नौ अप्रैल को ताकत दिखाएगी। सुबह रैली निकाली जाएगी। फील्ड हॉस्टल और शक्ति भवन पर जनसभा होगी। निजीकरण पर होने वाली विरोध सभा की तैयारी को लेकर मंगलवार को विभिन्न राज्यों के ऊर्जा संगठनों के पदाधिकारी पहुंच रहे हैं। मंगलवार को नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इम्प्लॉइज एंड इंजीनियर्स की बैठक होगी। बैठक में जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखण्ड, हरियाणा, राजस्थान, पंजाब, दिल्ली, चंडीगढ़ के ऊर्जा संगठनों के नेता विभिन्न राज्यों में चल रहे आंदोलनों पर प्रकाश डालेंगे। समिति के संयोजक शैलेंद्र दुबे ने बताया कि नौ अप्रैल की रैली में पूरे प्रदेश के कार्मिक हिस्सा लेंगे। 69000 शिक्षक भर्ती में नियुक्ति की मांग कर रहे आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों का धरना सोमवार को भी ईको गार्डन में जारी रहा। 40 डिग्री सेल्सियस तापमान के बीच अभ्यर्थी अपनी मांग पर अड़े हुए है। वहीं सुप्रीम कोर्ट में इस मामले की सुनवाई मंगलवार आठ अप्रैल को होगी। धरना दे रहे अभ्यर्थियों ने मांग की कि सरकार सुप्रीम कोर्ट में अभ्यर्थियों का पक्ष रखे।



# किताबें 15 तो 20 फीसदी तक बढ़े कॉपी के दाम, जहां से मिलता कमीशन स्कूल वही बुक्स करते मान्य

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**अलीगंज।**बाजार में जब बढ़ी कीमतों की पड़ताल की तो कक्षा दो की जो किताब 24 पेज की राइटिंग वाली है उसकी कीमत 150 से 175 रुपये मिली। वहीं कक्षा तीन की 44 पेज की राइटिंग वाली किताब 300 रुपये तक बिक रही है। राजधानी लखनऊ में स्कूल कॉलेजों में नया शैक्षिक सत्र शुरू हो चुका है और अभिभावकों की जेब पर बोझ भी बढ़ गया है। किताबों के दाम जहां 15ज्ञ् तो वहीं कॉपी के 20ज्ञ् तक बढ़ चुके हैं। बढ़े हुए दामों में कॉपी किताबें खरीदनें के लिए अभिभावक भी मजबूर हैं। वहीं दुकानदार कहते हैं कि उन्हें बढ़े हुए दामों में कॉपी किताबें मिल रही हैं तो वह भी दाम बढ़ाकर दे रहे हैं। की पड़ताल में दुकानदारों ने बताया कि कई स्कूल प्रबंधक और निजी प्रकाशकों की आपसी सांठगांठ रहती है। इसकी गोपनीयता इतनी ज्यादा है कि स्कूल प्रबंधक वही किताब चलाते हैं जिनके प्रकाशक उनको मोटा कमीशन देते हैं। ऐसे में दुकानदार को जब बढ़े हुए दामों में किताबें मिलती हैं तो अभिभावकों को भी मंहगी किताबें मिलती हैं जानकीपुरम स्थित एक निजी स्कूल अभिभावक बताते हैं कि प्राइवेट पब्लिकेशन की किताबों की कीमत एनसीईआरटी पाठ्यक्रम से अधिक महंगी हैं। यदि अभिभावक स्कूल में किताबों लिस्ट की सूची मांगते हैं तो उन्हें स्कूल की ओर से मौखिक तौर पर दुकानदार के बारे में जानकारी दी जाती है। कहा जाता है कि जैसे दुकानदार से स्कूल व क्लास बताएंगे तो किताबें मिल जाएंगी। इस बारे में अभिभावक अंजली वैश्य, मीनू पांडेय कहती हैं कि स्कूल में बच्चों को पढ़ाना बहुत मुकिश्ल हो रहा है। बच्चे की फीस, स्टेशनरी, वाहन शुल्क, यूनिफार्म के खर्च ने बजट गड़बड़ कर दिया है। कमाई का एक तिहाई हिस्सा पढ़ाई पर खर्च हो रहा है। विकास नगर स्थित एक निजी स्कूल के अभिभावक नीलम मौर्या ने बताया उनके दो बच्चे एक साथ पढ़ते हैं। पिछले साल की तुलना में इस बार दोनो बच्चों पर कॉपी, किताब अन्य सभी व्यवस्थाएं करने में 40 हजार रुपये का अधिक खर्च आ गया। अलीगंज स्थिति एक निजी स्कूल के अभिभावाक अतुल वर्मा ने बताया कि इस बार स्कूल की फीस बढ़ोतरी के साथ-साथ कॉपी किताब की बढ़ी कीमतों ने घर के बजट पर असर डाला है। इस पर सरकार को ध्यान देना चाहिए। हर साल की तरह इस बार भी कॉपी किताबों के दाम बढ़े हैं। जब हमें बढ़ी कीमत देनी पड़ती है तो अभिभावकों को भी महंगे दामों में बेचा जाता है।



# कार ने बाइक में मारी टक्कर, दो भाईयों की मौत, परिवार में छाया मातम

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**लखनऊ।** दोनों भाई अपने एक मित्र की शादी में शामिल होने के लिए सोमवार को भमरौला गांव गए थे। देर रात दोनों बाइक से वापस आ रहे थे, जैसे ही सारसौल चौराहे पर पहुंचे तभी एक कार ने दोनों को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें पुलिस ने जेएन मेडिकल कॉलेज भेजा गया। जहां उपचार के दौरान दोनों की मृत्यु हो गई। तयेरे और चचेर दो भाई अलीगढ़ में रहकर नौकरी और कोचिंग कर रहे थे। देर रात एक दोस्त की शादी से बाइक पर लौट रहे दोनों भाईयों में अलीगढ़ के बन्नादेवी थाना अंतर्गत सारसौल चौराहे पर एक कार ने टक्कर मार दी। हादसे में घायल दोनों भाईयों को मेडिकल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान दोनों की मौत हो गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार हाथरस के थाना सिकंदराराऊ अंतर्गत लिहा आलमपुर निवासी 30 वर्षीय राजकुमार सिंह पुत्र राम सिंह अलीगढ़ में खैर रोड पर किराये के मकान पर रहकर एक कंपनी में काम करता था। राजकुमार के साथ में उनका चचेरा भाई 19 वर्षीय शिवम पुत्र राकेश कुमार रहकर कोचिंग कर रहा था। दोनों अपने एक मित्र की शादी में शामिल होने के लिए सोमवार को भमरौला गांव गए थे। देर रात दोनों बाइक से वापस आ रहे थे, जैसे ही सारसौल चौराहे पर पहुंचे तभी एक कार ने दोनों को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें पुलिस ने जेएन मेडिकल कॉलेज भेजा गया।





NAINI INDUSTRIAL TRAINING CENTRE
(Govt. Affiliated, Star Graded, Record Holder, ISO Certified Training Centre)
सर्टिफिकेट इन फायर सेफ्टी एण्ड इण्डस्ट्रीयल सिक्योरिटी
फायर सेफ्टी पर जिसकी कमाण्ड, उसकी ही है ग्लोबल डिमाण्ड
कोर्स के बाद सेफ्टी सुपरवाइजर, फायर प्रोटेक्शन, सिक्योरिटी एडमिनिस्ट्रेटर आदि विभिन्न पदों पर नियुक्ति मिल जाती है। रिलीफ एजेन्सी N.G.O., डिफेन्स सर्विसेज फायर सर्विस आर्डिनेन्स फैक्ट्री, महानगर पालिका, नगर निगम, एयरपोर्ट, पावर प्लांट, स्टील प्लान्ट, माइनिंग इन्डस्ट्रीज, पेट्रोलियम कम्पनी, फूड इण्डस्ट्रीज, रिफाइनरीज, टेक्सटाइल मिल, टावर कम्पनी, इलेक्ट्रानिक कम्पनी, कोयले की खदानों एवं जहाजों आदि क्षेत्रों में फायर सेफ्टी के जानकारों को बहुत अधिक मौका मिलता है


श्री महन्तू
अग्निशमन सुरक्षा अधिकारी नैनी, प्रयागराज

नोटः फायर सेफ्टी कोर्स करें और देश -विदेश, सरकारी और प्राइवेट क्षेत्रों में अच्छे पैकेज के साथ नौकरी पायें।
Visit us at www.nainiiti.com Call: 9415608710, 7459860480
Enjoy Publicity



# प्रदेश आस/पास



भारत

## शिवद्वार धाम में तड़का बध कि लीला का किया गया मंचन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**घोरावल/सोनभद्र।** स्थानीय तहसील में स्थित शिव पार्वती मंदिर शिवद्वार धाम में स्थित रामलीला मंच पर श्री शंकर रामलीला समिति के देख रेख में चल रहे रामलीला के मंचन के दूसरे दिन तड़का बध कि लीला का मंचन हुआ जिसमे काफी संख्या में स्थानीय क्षेत्रवासियो ने लीला का आनन्द उठाये बताते चले कि तड़का बध का लीला में मारीच दरबार में किरदार कर रहे राजू शुक्ला ,सूर्यकांत दुबे,प्रवीण तिवारी,शिवम मिश्रा,गणेश विश्वकर्मा ,तड़का का पाठ नंद कुमार मिश्र एड वही नाटक प्रस्तुति में अहम किरदार नंद कुमार दुबे,जगदीश मिश्र एवं शिवशंकर सिंह ने निभाई दर्शक लीला देखकर अत्यंत प्रसन्नचित होकर मीठे मीठे शब्दो से जय श्री राम के नारे लगाकर तालिया बजाकर मंचन कर रहे पत्रों का स्वागत एवं अभिवादन किए श्री शंकर रामलीला समिति के अध्यक्ष श्रीकांत दुबे ,श्यामविहारि, आशा ,सुनील,दिनेश आदि लोगो द्वारा पारपोसीत सहयोग राशी नाटक,मारीच दरबार,सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुती पर प्रसन्न होकर भेट किए प्रमुख बात ये भी है कि परम्परागत रूप से चल रहे भगवान के रामलीला में स्वद श्यामधर मिश्र , यमुना प्रसाद मिश्र, लालबहादुर शर्मा,गुड्डू विश्वकर्मा,बुलबुल,अंगद विश्वकर्मा आदि लोगो ने बहुत लंबे समय से रामलीला के कार्यभार,प्रबंधन एवं संचालन के अत्यंत महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में सेवा अर्पित किए पंडित स्वद श्यामधर मिश्र के अविस्मरणीय योगदान एवं सेवा को श्री शंकर रामलीला समिति हमेशा स्मरण करती रहेगी तड़का बध लीला के मंचन के दौरान श्रीकांत दुबे,रविंद्र कुमार मिश्र,कृष्ण कांत दुबे ग्राम प्रधान बैजनाथ,सियाराम प्रधान सत्तद्वारी,श्याम बिहारी मेजर थल सेना, किशोर दयालु, बीएन शुक्ला ,सच्चितानंद समेत आदि लोग उपस्थित रहे।




## सपा मुखिया अखिलेश यादव जौनपुर दौरे पर, स्व. धर्मराज यादव को दी श्रद्धांजलि



**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**जौनपुर ।** जौनपुर में पूर्व सीएम अखिलेश यादव आ रहे हैं। उन्होंने स्व. धर्मराज यादव को श्रद्धांजलि दी। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव मंगलवार को शाहगंज पहुंचे। यहां कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इसके बाद खुटहन के पिलकिछा गांव में उन्होंने खुटहन की पूर्व ब्लॉक प्रमुख सरजूदेई के पति धर्मराज यादव को श्रद्धांजलि अर्पित किया। मौके पर हजारों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। अखिलेश यादव के आगमन को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह दिखा। इस मौके पर सपा जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य समेत तमाम बड़े पदाधिकारी मौजूद रहे।

## आईआईटी के छात्रों का ड्रोन सर्वे, सफेद रंग और सोलर पैनल ने 22 डिग्री गिराया छत का पारा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**वाराणसी।** आईआईटी के युवा वैज्ञानिकों ने ड्रोन सर्वे किया। सर्वे में पता चला कि सफेद रंग और सोलर पैनल ने 22 डिग्री छत का पारा गिराया। भीषण गर्मी से घर की छत, एयर कंडीशनर लैब और सर्वर रूम भी प्रभावित होने लगे हैं। आईआईटी बीएचयू के युवा वैज्ञानिकों ने बढ़ते तापमान के प्रभाव पर दो रिसर्च किए हैं। लैब के ठंडे वातावरण में मशीनों के तापमान में होने वाले न्यूनतम 0.5 डिग्री सेल्सियस के अंतर को डिटेक्ट करने वाला सेंसर बनाया गया है। वहीं, दूसरे शोध के अनुसार छतों की सतह के तापमान को 22 डिग्री तक कम किया जा सकता है। ड्रोन से क्रंकीट के छतों का हीट सर्वे किया है। छतों की सतह को लेकर आईआईटी बीएचयू के पीएमआरएफ रिसर्चर रणवीर कुमार, जियो इन्फॉर्मेटिक्स के राजर्षि भट्टाचार्य और सिविल इंजीनियरिंग के जनार्दन काचरी ने रिसर्च किया है। अलग-अलग बिल्डिंग की छत की सतह के तापमान में अंतर पाया गया। ड्रोन से थर्मल सर्वे कराने के बाद पता चला कि सिर्फ कंक्रीट की एक छत का तापमान बढ़कर 67.1 डिग्री तक चला गया था। जिस छत को सफेद रंग से पेंट किया गया था, उसकी सतह कंक्रीट के मुकाबले कम गर्म रही। जिस छत पर सफेद पेंटिंग और सोलर पैनल लगा था, उस छत का तापमान 44.7 डिग्री सेल्सियस तक आ गया था।दोपहर की धूप छंटने के दौरान इन छतों के सतह का तापमान लिया गया था। वैज्ञानिकों ने देखा कि पेंट और सोलर पैनल से छतों में उष्मा को सोखने की मांग में कमी आई है। स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर प्लानिंग से छतों के ऊर्जा की मांग घटेगी और काशी के अर्बन हीट की मात्रा कम होगी। वैज्ञानिकों ने तापमान घटने का ये सिलसिला मैप पर भी दिखाया।छात्रों ने एक टेंप्रेचर मॉनिटरिंग अलर्ट सिस्टम तैयार किया है। इस डिवाइस में तापमान रीडर और दूसरा एलईडी अलर्ट होगा। लैब, सर्वर रूम या किसी औद्योगिक प्रक्रिया में कहीं हल्का सा भी तापमान बढ़ा या घटा तो ये सेंसर उसको भी डिटेक्ट कर अलर्ट देगा।



## पुलिस की निगरानी में पीएम का जनसभा स्थल, फोर्स तैनात; ग्रामीणों का हो रहा सत्यापन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**वाराणसी।** वाराणसी जिले में पीएम मोदी के दौरे को लेकर पुलिस और प्रशासन की टीमें अलर्ट हैं। जनसभा स्थल पर सुरक्षा के मद्देनजर फोर्स तैनात कर दी गई है। वाराणसी में मेंहदीगंज स्थित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसभा स्थल पर मंच और पंडाल अब आकार लेने लगा है। इसके साथ ही जनसभा स्थल पर एसीपी राजातालाब के नेतृत्व में फोर्स तैनात कर दी गई है। वहीं, सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर मेंहदीगंज, नागेपुर, रखौना और आसपास के गांवों में रहने वालों का पुलिस सत्यापन कर रही है। ताकि, कोई अवांछनीय तत्व गांवों में न आ पाए और न ठहर पाए। प्रधानमंत्री 11 अप्रैल को एक दिवसीय दौरे पर अपने संसदीय क्षेत्र काशी आएंगे। मेंहदीगंज में वह जनसभा को संबोधित कर 3884 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री के आगमन के मद्देनजर मेंहदीगंज और आसपास के गांवों में सतर्कता बढ़ा दी गई है। जनसभा स्थल पर मंच व पंडाल बनाने, विद्युत आपूर्ति के लिए खंभे लगाने, हेलीपैड निर्माण कार्य, साफ-सफाई और वाहन पार्किंग की व्यवस्था का काम युद्धस्तर पर किया जा रहा है।प्रधानमंत्री के आगमन के मद्देनजर मंगलवार को स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप (एसपीजी) के अधिकारियों का दल आएगा। प्रधानमंत्री के आगमन से पहले उनके कार्यक्रम स्थल और आवाजाही के रूट का एसपीजी की टीम निरीक्षण करेगी। इसके साथ ही जिला प्रशासन और पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर एसपीजी की टीम कार्यक्रम की रूपरेखा को अंतिम रूप देगी।



## नगर निगम कार्यालय के पास पेड़ से लटककर शख्स ने दी जान, अस्पताल पहुंचने पर मौत की पुष्टि

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**वाराणसी।** जिले में नगर निगम कार्यालय के पास मंगलवार को एक शख्स ने फंदे से लटककर जान दे दी। घटना के बाद मौके पर हड़कंप मच गया। वाराणसी जिले में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया। मंगलवार की सुबह नगर निगम कार्यालय के पास नीम के पेड़ की डाल के सहारे एक युवक ने फंदा लगा लिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची सिगरा थाने की पुलिस ने तत्काल युवक को पेड़ से उतारा और उसे अस्पताल ले गई। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सक द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। बताया जा रहा है कि पेड़ से उतारते समय शख्स की सांसें चल रही थीं। उधर, पुलिस युवक की पहचान कराने का भी प्रयास कर रही है।

## प्रिंसिपल ने छात्रा से की अश्लील हरकत, नाराज अभिभावकों का प्रदर्शन- निलंबित

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**गोरखपुर।** कसया थाना क्षेत्र के मल्लूडीह स्थित कृषक इंटर कॉलेज लके प्रिंसिपल पर कॉलेज की छात्रा ने अश्लील हरकत करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर गिरफ्तारी भी कर ली है। इसी बीच डीआईओएस ने आरोपी प्रिंसिपल को निलंबित भी कर दिया है। कसया थाना क्षेत्र के मल्लूडीह स्थित कृषक इंटर कॉलेज के एक शिक्षक पर छात्रा के साथ अश्लील करने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को अभिभावक और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने कॉलेज गेट पर विरोध प्रदर्शन किया।नाराज लोगों ने एनएच का सर्विस लेने जाम कर आरोपी पर कड़ी कार्रवाई की मांग करने लगे।

## तेज धूप और गर्म हवाओं के थपेड़े झुलसा रहे शरीर, गर्मी ने तोड़ी रिकॉर्ड; यहां जानें मौसम का हाल

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**वाराणसी।**काशी में भीषण गर्मी ने अभी से लोगों का घर से निकलना मुश्किल कर दिया है। चिलचिलाती धूप और गर्म हवाओं से लोग परेशान हैं। तेज धूप और गर्म हवाओं ने काशीवासियों को खूब सताया। मंगलवार की सुबह से चिलचिलाती धूप और गर्मी से लोग परेशान रहे। उमस के चलते लोगों का दम घुटने लगा। सुबह 7 बजे ही दोपहर जैसा मौसम महसूस होने लगा। गर्मी और धूप के चलते सड़क पर न के बराबर वाहन दिख रहे थे। चिलचिलाती धूप की वजह से मंगलवार को पर्यटकों ने बोटिंग और घाटों से किनारा कर लिया।इस बीच वाराणसी सोमवार को प्रदेश का 5वां सबसे गर्म शहर बन गया। अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो इस सीजन का सबसे ज्यादा है। अधिकतम तापमान सामान्य से 2.9 डिग्री ज्यादा है। मौसम विज्ञान विभाग के पास उपलब्ध रिकॉर्ड के मुताबिक गर्मी ने दो साल का रिकॉर्ड तोड़ा है। सात अप्रैल 2023 को अधिकतम तापमान 39.8 और 2024 में 36.8 डिग्री सेल्सियस था। हालांकि सात अप्रैल 2022 को अधिकतम पारा 42.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ था।प्रयागराज, आगरा , झांसी और हमीरपुर के बाद बनारस सबसे ज्यादा तपने वाले जिले में शामिल रहा। तेज धूप की वजह से दोपहिया वाहन सवार परेशान दिखे। 11 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलने वाली हवाओं ने बेचैनी बढ़ाए रखी। सूरज ढलने के बाद भी रात 9 बजे तक अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस बना रहा।मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, इस सीजन की सबसे ज्यादा गर्मी सात अप्रैल को पड़ी है। मंगलवार को बादल छाए रह सकते हैं। बारिश का अनुमान भी है। 9 और 10 अप्रैल को तेज हवा चलने के साथ ही 11 अप्रैल को बादल मंडराने की उम्मीद है। वहीं, 12 अप्रैल को बादल के साथ ही बारिश भी हो सकती है।बीएचयू के मौसम वैज्ञानिक प्रो. मनोज कुमार श्रीवास्तव के मुताबिक, पश्चिमी विक्षोभ की नई शाखा यूपी के उत्तर में हिमालय को छूकर आ रही है। इसका असर मंगलवार की शाम तक काशी में भी देखने को मिल सकता है। तेज हवा के बाद बूंदाबांदी की संभावना बन रही है। हवा में नमी रहेगी। प्रो. श्रीवास्तव ने कहा कि पश्चिमी विक्षोभ समय-समय पर आते ही रहते हैं। कुछ-कुछ दिन में तापमान बढ़ेगा, फिर नीचे गिरेगा। यह सिलसिला चलता रहेगा। मौसम वैज्ञानिक डॉ. अतुल सिंह ने बताया कि मंगलवार के बाद पूर्वा हवा चलेगी। बादल आएंगे और तापमान गिरेगा।



## वाराणसी में बदमाशों के खिलाफ एक्शन, पान दुकानदार को गोली मारने के मामले में मुकदमा दर्ज

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**वाराणसी।** वाराणसी जिले के सिंधौरा थाना क्षेत्र में पान दुकानदार को गोली मारने के मामले में अज्ञात बदमाशों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। थाने की
पुलिस को दुकानदार के बेटे से सूरत में विवाद करने वाले एक युवक पर शक है। सिंधौरा थाने में मरुई गांव निवासी पान दुकानदार सुरेंद्र मौर्या पर फायरिंग करने के मामले में अज्ञात बदमाश के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया गया है। सिंधौरा थाने की पुलिस बदमाशों को चिह्नित करने के लिए सिंधौरा से भोजूबीर मार्ग पर लगे सीसी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। पुलिस को शंका है कि दुकानदार के बेटे से सूरत में विवाद करने वाले इलाके के ही एक युवक ने फायरिंग की थी। पुलिस उस युवक की भी तलाश कर रही है।सिंधौरा थाना क्षेत्र के मरुई निवासी सुरेंद्र मौर्या की चाय-पान की दुकान उनके घर के समीप है। रविवार की रात लगभग आठ बजे बाइक सवार तीन युवक उनकी दुकान के सामने सिंधौरा की ओर से आए। उनमें से एक युवक ने सुरेंद्र को लक्ष्य कर फायरिंग की। सिंधौरा थाना क्षेत्र के मरुई निवासी सुरेंद्र मौर्या की चाय-पान की दुकान उनके घर के समीप है। रविवार की रात लगभग आठ बजे बाइक सवार तीन युवक उनकी दुकान के सामने सिंधौरा की ओर से आए। उनमें से एक युवक ने सुरेंद्र को लक्ष्य कर फायरिंग की।

## बीएचयू अस्पताल में सोते समय महिला मरीज के बेड पर गिरा पंखा, बाल- बाल बची

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**वाराणसी।** बीएचयू अस्पताल में भर्ती महिला मरीज के बेड पर अचानक पंखा गिर गया। राहत की बात ये है कि महिला बाल-बाल बच गई। पहली मंजिल पर गायनी वार्ड में जिस समय घटना हुई। उस समय महिलाएं सो रही थींबीएचयू अस्पताल के गायनी वार्ड में रविवार की देर रात करीब 1.45 बजे तेज आवाज के साथ एक महिला मरीज के बेड पर पंखा टूटकर गिर गया। महिला ने तत्परता दिखाते हुए तेजी से पीछे हट गई और बाल बाल बच गई। हालांकि, दो बेड के बीच में पंखा ऐसे गिरा कि मरीजों का नीचे उतरना मुश्किल था। पूरी रात महिलाओं ने खौफ में गुजारी। अगले दिन सोमवार को करीब आठ बजे पंखें को हटाया गया। आनन फानन में महिलाओं को दूसरे वार्ड में शिफ्ट किया गया। अस्पताल के पहले तल पर लिफ्ट के आगे गायनी वार्ड है। यहां डिलीवरी को छोड़कर अन्य बीमारियों से पीड़ित महिलाओं को ऑपरेशन के बाद भर्ती किया जाता है। रविवार की रात गायनी वार्ड में प्रवेश करते समय पहले वार्ड (बेड नंबर 1 से 8 तक ) में आठ बेड पर महिलाएं भर्ती थीं। इसमें कुछ महिलाओं की सर्जरी हो गई थी तो कुछ की सोमवार को होनी थी। इस बीच रात करीब 1.45 बजे वार्ड के एक किनारे पर भर्ती दो महिलाओं में से एक के बेड पर पंखा ऊपर से गिरा। हालांकि वह बाल-बाल बच गई। जिस बेड पर पंखा गिरा, उस महिला की सोमवार को सर्जरी होनी थी। ऑपरेशन थियेटर में जब उसे ले जाया जा रहा था तब भी वह डरी सहमी थी।जिस वार्ड में यह घटना हुई, वहां भर्ती मरीजों के तीमारदारों के अनुसार एक पंखा तो टूटकर गिर गया लेकिन अन्य जो पंखे लगे थे, उसमें से भी चलने के दौरान खट-खट की आवाज आती रही। इस वजह से न तो मरीज सो पाईं और न ही उनके साथ मौजूद परिजनों को नींद आई। सभी ने जागकर रात गुजारी। पंखे के गिरने की जानकारी तीमारदारों ने वार्ड में ड्यूटी पर मौजूद पैरामेडिकल स्टाफ को दी तो उन्होंने संबंधित अधिकारियों को जानकारी दी। लिहाजा सोमवार की सुबह पंखे को हटाया गया। इसके बाद वार्ड में भर्ती मरीजों को सामने वार्ड में शिफ्ट किया गया। इसके बाद वार्ड में ताला बंद करवा दिया गया। गायनी वार्ड में पंखा गिरने की घटना की जानकारी मिली। कर्मचारियों को भेजकर महिलाओं को दूसरे वार्ड में सुरक्षित शिफ्ट करवाया गया। यह तो संयोग था कि किसी को कुछ नहीं हुआ। अस्पताल प्रशासन से लंबे समय से पुराने गायनी वार्ड में मरीजों को भर्ती करने की सुविधा की मांग की जा रही है।



## ज्ञानवापी मामले में पक्षकार बनने की अर्जी पर टली सुनवाई, यौन शोषण के दोषी को 20 साल की सजा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**वाराणसी।** ज्ञानवापी केस में पक्षकार बनने की अर्जी पर सोमवार को सुनवाई टल गई। अब इस पर 10 अप्रैल को सुनवाई होगी। वहीं एक मासूम से यौन शोषण के दोषी को 20 साल की सजा सुनाई गई। सिविल जज (सीनियर डिवीजन / फास्ट ट्रैक कोर्ट) युगल शंभू की अदालत में सोमवार को ज्ञानवापी के वर्ष 1991 के लॉर्ड विश्वेश्वर के मामले में सुनवाई हुई। मुकदमे के वादी रहे हरिहर पांडेय के निधन के बाद उनकी बेटियों मणिकुंतला तिवारी, नीलिमा मिश्रा और रेनू पांडेय की पक्षकार बनाए जाने की अर्जी पर सुनवाई टल गई है। पीठासीन अधिकारी के अवकाश पर होने के कारण आज सुनवाई नहीं हो पाई। इस मामले में अगली सुनवाई 10 अप्रैल को होगी। विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) विनोद कुमार की अदालत ने पांच वर्षीय मासूम बच्ची से यौन शोषण के मामले में आरोपी तूफानी कुमार को दोषी पाया है। अदालत ने दोषी को 20 साल की सजा सुनाई है। साथ ही, कोर्ट ने दोषी पर 60 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है।अभियोजन पक्ष के अनुसार पीड़िता के पिता ने शिवपुर थाने में वर्ष 2018 में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप था कि 11 जुलाई 2018 को तूफानी कुमार उसकी पांच वर्षीय पुत्री को बहल-फुसलाकर जंगल में ले गया और यौन शोषण किया। जब उसकी लड़की घर आई तो डर के मारे रो रही थी। बाद में तूफानी का नाम लेकर बताई कि उसने हमारे साथ गलत हरकत की। पुलिस ने विवेचना के बाद आरोपी के खिलाफ चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की। कोर्ट ने दोनों पक्ष को सुनने और साक्ष्य के अवलोकन के बाद आरोपी को दोषी पाते हुए सजा सुनाई।



## काशी से लखनऊ के लिए रवाना हुए आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत, अलग-अलग लोगों से की मुलाकात

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**वाराणसी।** आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने काशी में प्रांत बैठक प्रचारकों के साथ प्रांत बैठक की। उन्होंने शताब्दी समारोह वर्ष की समीक्षा की। काशी प्रवास के दौरान की। इस दौरान उन्होंने शताब्दी समारोह वर्ष में होने वाले कार्यक्रमों की समीक्षा की। उन्होंने काशी प्रवास के दौरान अलग-अलग लोगों से व्यक्तिगत मुलाकात की। सोमवार की रात करीब 11 बजे ट्रेन से लखनऊ के लिए रवाना हो गए। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने सोमवार को निवेदिता शिक्षा सदन बालिका इंटर कॉलेज में संघ उन्होंने अलग-अलग लोगों से व्यक्तिगत मुलाकात की और रात करीब 11 बजे ट्रेन से लखनऊ के लिए रवाना हो गए।संघ प्रमुख मोहन भागवत सोमवार की रात करीब 11 बजे ट्रेन से लखनऊ के लिए रवाना हो गए। वहां से वह कानपुर जाएंगे। इसके बाद 30 अप्रैल को फिर काशी आएंगे और एक सामूहिक विवाह समारोह में हिस्सा लेंगे।




## कंबोडिया गया था कमाने, जालसाज करवाने लगे साइबर अपराध

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**वाराणसी।** मटिहनिया जुनीबी गांव निवासी अनिरुद्ध सिंह ने बताया कि उनका पुत्र राम प्रताप एक माह पहले कंबोडिया कमाने के लिए गया था। वहां उसे जालसाजों ने साइबर अपराधी बना दिया। अब उसे वापस भारत भेजने के लिए 27 लाख रुपये की मांग की जा रही है। क्षेत्र के मटिहनिया जुनीबी गांव निवासी युवक एक माह पहले कंबोडिया कमाने गया तो आरोप है कि उससे साइबर अपराध कराया जाने लगा। जब उसने घर जाने की जिद की तो उसे बंधक बना लिया गया। आरोप है कि विदेश से लाने के लिए युवक के पिता से 27 लाख रुपये की मांग की गई है। पिता ने युवक के साले के खिलाफ तहरीर दी है। तहरीर के अनुसार, मटिहनिया जुनीबी गांव निवासी अनिरुद्ध सिंह ने बताया कि उनका पुत्र राम प्रताप एक माह पहले कंबोडिया कमाने के लिए गया था। वहां उसे जालसाजों ने साइबर अपराधी बना दिया।अब उसे वापस भारत भेजने के लिए 27 लाख रुपये की मांग की जा रही है। बताया कि बेटे के रिश्तेदारी के साले ने बिहार के एजेंट के जरिये कंबोडिया भिजवाया था। बेटे ने घर जाने कंबोडिया भेजने वाले साले को फोन कर बताया तो उसे वहां बंधक बना लिया गया।इसके बाद साले ने फोन कर वापसी के लिए 21 हजार रुपये ले लिए। दो दिन पहले राम प्रताप के ठहरने व खाने आदि के खर्च के नाम पर फोन करके 27 लाख रुपये की मांग की। इस संबंध में पिपराइच थानाध्यक्ष पुरुषोत्तम सिंह ने बताया कि मामला युवक के रिश्तेदारी से जुड़ा है।

## संतकबीर नगर के अस्पताल में नर्स की मौत, परिजनों ने लगाया गंभीर आरोप- हंगामा; संचालक फरार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**वाराणसी।** राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 28 पर स्थित निजी अस्पताल में पुरानी बस्ती थानाक्षेत्र के पहुरा गांव के निवासी संतराम की 24 साल की नतिनी ममता चौधरी स्टाफ नर्स का काम करती थी। रात में 11 बजे उसने अपनी मां को फोन करके बताया कि वह सुबह घर आएगी। 8 मार्च की सुबह अस्पताल के स्टाफ ने उनको सूचना दी कि उनकी नतिनी की मौत हो गयी है। कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के टेमा रहमत में स्थित एक निजी हास्पिटल में काम करने वाली नर्स वहां पर मृत अवस्था में मिली। परिजनों को सूचना देकर अस्पताल का स्टाफ और संचालक मौके से फरार हो गए। वहीं बस्ती से पहुंचे परिजनों ने अस्पताल पर जमकर हंगामा किया। मौके पर एसपी तथा अन्य अधिकारी पहुंचकर स्थिति को नियंत्रण में किए हैं। नर्स के गले पर नाखून से खरोचने के निशान पाए गए हैं। परिजनों ने रेप और हत्या की आशंका जताई है। राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 28 पर स्थित निजी अस्पताल में पुरानी बस्ती थानाक्षेत्र के पहुरा गांव के निवासी संतराम की 24 साल की नतिनी ममता चौधरी स्टाफ नर्स का काम करती थी। रात में 11 बजे उसने अपनी मां को फोन करके बताया कि वह सुबह घर आएगी। 8 मार्च की सुबह अस्पताल के स्टाफ ने उनको सूचना दी कि उनकी नतिनी की मौत हो गयी है। इसके बाद परिजन अस्पताल में पहुंचे तथा वहां पर हंगामा कर दिया। परिजनों का आरोप था कि उनकी बेटी की रात में हत्या कर दी गयी है।उसके गले पर खरोच और मारने के निशान मिल हैं। हंगामें की जानकारी पाकर कोतवाली खलीलाबाद के प्रभारी निरीक्षक पंकज पांडेय के साथ ही सीओ अजीत चौहान, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह तथा अन्य पुलिस बल मौके पर पहुंचा। वहीं, दोपहर में एसपी सत्यजीत गुप्ता भी मौके पर पहुंचे तथा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अस्पताल का संचालक मौके से फरार हो गया है। मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। युवती के शव का पोस्टमार्टम चिकित्सकों के पैनल के जरिए कराया जाएगा।



# समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक सम्पन्न

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**शहडोल।** 07 अपैल 2025 - कलेक्टर डॉ. केदार सिंह की




उपस्थिति में आज कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि जिले में 30 जून 2025 तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान को सफल एवं सुचारू रूप से क्रियान्वयन हेतु कार्य योजना बना लें एवं अभियान के तहत कार्यवारी करें। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि इस अभियान का गांव-गांव तक प्रचार-प्रसार करना है एवं आमजन को इस अभियान में शामिल कर अभियान के तहत गांव में बने तालाब, कुआं, स्टाप डैम, नाले सहित अन्य जल संरचनाओं की साफ-सफाई कर उनका जीर्णोद्धार करना सुनिश्चित करें कलेक्टर ने प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, जन अभियान परिषद, महिला एवं बाल विकास विभाग एवं आजीविका मिशन के अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा है कि वे इस अभियान के तहत पानी को बचाने एवें पानी को सहेजने हेतु गांव-गांव में जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन करें एवं लोगों को पानी बचाने का संदेश भी दें। उन्होनें निर्देश दिए कि रैली के माध्यम से भी जल गंगा संवर्धन अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। जिससे ज्यादा से ज्यादा आमजन इस अभियान में जुड़ सकें एवं अभियान को सफल बनानें में अपनी सहभागिता निभा सकें। बैठक में कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने सीएम हेल्पलाईन में लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि अधिकारी सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों को गंभीरता से लें तथा समयावधि में शिकायतों का निराकरण करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिए हैं कि अधिकारी स्वयं शिकायतकर्ता से बात करें, शिकायतों को समझें तथा संतुष्टिपूर्वक निराकरण करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि किसी भी स्थिति में शिकायतों का निम्नगुणवत्ता के साथ निराकरण न हो। कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिए हैं कि किसी भी स्थिति में आने वाली शिकायत अनअटेन्ड न रहे। आने वाली शिकायतों को अधिकारी प्राथमिकता के साथ पढ़ें एवं निराकरण हेतु आवश्यक कार्यवाही करें।बैठक में कलेक्टर ने लोकसेवा प्रदाय गारंटी अधिनियम के अंतर्गत आने वाली शिकायतों की भी समीक्षा की तथा कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लोकसेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का समय सीमा में निराकरण किया जाए। इसके साथ ही कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि नगरीय निकाय एवं ग्राम पंचायतों में जिन लोंगो का ई-केवायसी का कार्य बाकी रह गया है उनका ई-केवायसी का कार्य कराया कराया जाए।बैठक में कलेक्टर ने प्राकृतिक प्रकोप से मिलने वाली राहत राशि के प्रकरणों की भी समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों निर्देश दिए कि प्राकृतिक प्रकोप से मिलने वाली राहत राशि के प्रकरणों के निराकरण में किसी प्रकार का विलंब नहीं होना चाहिए। उन्होनें अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्राकृतिक प्रकोप से मिलने वाली राशि के जितने भी प्रकरण बाकी हैं उन प्रकरणों की राशि शीघ्रता के साथ दिनाला सुनिश्चित करें।इसी प्रकार कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने, स्वास्थ्य विभाग, खाद्य विभाग, कृषि विभाग, ऊर्जा विभाग,जल संसाधन विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, वित्त विभाग, सहकारिता विभाग सहित अन्य विभागों की भी समीक्षा की एवं आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर श्री सरोधन सिंह, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सोहागपुर श्री अरविंद शाह, सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## सड़क हादसे में बाइक सवार घायल

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**डाला सोनभद्र।** स्थानीय चोपन थाना क्षेत्र के कोटा गांव के टोला



गौराही से मालों घाट टोल प्लाजा वाराणसी शक्ति नगर राज्य मार्ग जोड़ने वाले संपर्क मार्ग पर एक बाइक सवार अनियंत्रित होकर पलट गया, गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया मिली जानकारी के मुताबिक सोमवार को देर शाम लगभग साढ़े आठ बजे अहिराडेरा टोला निवासी धर्मेंद्र उर्फ लोलो पुत्र रामसुंदर गोड़ अपने संबंधित बंधु के यहां से वापस घर जा रहा था उसी दौरान किसी कारण वश बाइक अनियंत्रित होकर पलट गया बाइक सवार गिरकर घायल हो गया वहीं घटना के बाद स्थानीय लोगों के मदद से परिजनों ने निजी साधन से घायल को नेशनल हॉस्पिटल राबर्ट्सगंज में भर्ती कराया गया। जहा ईलाज जारी है वहीं घायल के पिता रामसुंदर ने बताया गया कि पूर्व में भी गुरमुरा हाट बाजार के पास भी सड़क दुघर्टना हो गया था जिसमें इसको एक पैर में चोट लगी थी जो बहुत दिनों के बाद ठीक हुआ था और फिर दुबारा यह घटना घट गई।

## भाजपा सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन कार्यक्रम संपन्न

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**सोनभद्र।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा घोरावल व राबर्ट्सगंज विधानसभा का भाजपा सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में घोरावल विधानसभा में विधान सामरिक तथा सांस्कृतिक रूप से एक वैश्विक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर हुआ है वर्ष 2014 में जब भाजपा सत्ता में आई तो पिछली सरकार के कृत्यों से आहत इस देश को नरेंद्र मोदी के रूप में आशा की किरण दिखाई दी आज




परिषद सदस्य विनीत सिंह , और राबर्ट्सगंज विधान सभा में जिला प्रभारी अनिल सिंह मौजूद रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष नन्दलाल ने किया।कार्यक्रम को साबोधित करते हुए विनीत सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक राष्ट्रवादी राजनीतिक दल है जो भारत को एक सुदृढ़ समृद्ध एवं शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर स्थापित करने के लिए कृत संकल्पित है भारत को एक समर्थ राष्ट्र बनाने के लक्ष्य के साथ भाजपा का गठन किया गया जिसके प्रथम राष्ट्रीय अध्यक्ष अटल बिहारी वाजपेयी निर्वाचित हुए,अपनी स्थापना के साथ ही भाजपा ने अंतरराष्ट्रीय राष्ट्रीय एवं लोक हित के विषयों पर मुखर रहते हुए भारतीय लोक तंत्र में अपनी सशक्त भागीदारी दर्ज की तथा भारतीय राजनीति नए आयाम दिए।कार्यकम को संबोधित करते हुए घोरावल विधायक अनिल मौर्य ने कहा कि देश आज आर्थिक इस गौरव शाली परिवर्तन यात्रा के हम साक्षी रहे है।सम्मेलन को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी अनिल सिंह व जिला अध्यक्ष नन्दलाल ने कहा कि 34 वर्षो की तपस्या के बाद साल 2014 जब एक भारत श्रेष्ठ भारत के संकल्प के साथ जनमत की जीत हुई और विशाल जनादेश के साथ नरेंद्र मोदी जी ने प्रधानमंत्री पद की शपथ ली ईश शपथ के साथ शुरू हुआ नव निर्माण का नया युग एक तरफ मोदी सरकार के बड़े और कड़े निर्णय वही दूसरी तरफ भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन गई थी।इस अवसर पर पूर्व सांसद नरेंद्र कुशवाहा रामशकल, रमेश मिश्रा उदयनाथ मौर्या, अलोक सिंह अजीत रावत कृष्ण मुरारी गुप्ता, सतीष श्रीवास्तव, अमरनाथ पटेल, कैलास बैसवार, नार सिंह, अभय सिंह, मनीष पटेल, अंकुर सिंह, रामबली मौर्या, सीमा गुप्ता, सुनिल चौबे, प्रसन्न पटेल सहित सभी सक्रिय सदस्य उपस्थित रहे।

## वैष्णो मंदिर के सामने बुजुर्ग का मिला शव क्षेत्र में सनसनी

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**डाला सोनभद्र।** स्थानीय डाला पुलिस चौकी क्षेत्र के वैष्णो मंदिर डाला बारी के सामने एनसीएल



शौचालय के पिछे झाड़ियों में संदिग्ध परिस्थितियों बुजुर्ग का शव, शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फ़ैल गई मिली जानकारी के मुताबिक सोमवार पवने सवा आठ बजे डाला पुलिस चौकी क्षेत्र में स्थित वैष्णो मंदिर के सामने एनसीएल शौचालय के पिछे राहगीरों द्वारा शौच करने गए हुए थे उसी दौरान उन लोगों की नजर अज्ञात बुजुर्ग व्यक्ति का शव झाड़ियों में पड़ा है जिसके बाद सड़क पर आकर दुकान दारों बताई गई यह मामला क्षेत्र में आग की जोरों से फैल गई। वहीं स्थानीय लोगों ने इस घटना कि सूचना डाला चौकी इंचार्ज को दी गई। जहा सूचना पाकर मौके पर पहुंचे चौकी इंचार्ज आशिष कुमार पटेल ने शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेजवाया दिया अग्रीम कार्यवाही में जुट गई जहा मुखलाल मृतक का भाई ने थाने में तहरीर देकर अवगत कराया कि सुबह जो शौचालय के पास झाड़ियों में शव मिला था वह हमारे भाई रामनरेश पुत्र स्वद सुंदर निवासी धौरहिया बाड़ी डाला का है जो वैष्णो मंदिर परिसर में भीख मांग कर अपना जीवन यापन करना है बताया गया है।

## सेवानिवृत्त शिक्षकों एवं परिचारिका को भावभीनी विदाई

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**सोनभद्र।** बोझिल हुआ माहौल मंगलवार को नगर के सिविल लाइन्स स्थित संत जेवियर्स स्कूल में विगत 31 मार्च को सेवानिवृत्त हुए शिक्षकों एवं परिचारिका की भावभीनी विदाई की गई। इस अवसर पर एक संक्षिप्त कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। साथ बिताये गए पलों को याद कराते हुए उनके सुखद एवं स्वस्थ भावी जीवन की कामना की। सेवानिवृत्त शिक्षकगणों जगदम्बा प्रसाद व रामेश्वर नाथ धर द्विवेदी ने अपने सेवाकाल से जुड़े संस्मरणों को साझा किया। प्रबन्धक ने अपने सम्बोधन में सेवानिवृत्त शिक्षकगणों एवं परिचारिका की संस्था को दी



कार्यक्रम का प्रारम्भ प्रार्थना नृत्य के साथ हुआ। इसके बाद विद्यालय के प्रबन्धक फा. लैन्सी जेवियर डिकून्हा, प्रधानाचार्य फा. आल्बर्ट प्रवीण लोबो, प्रधानाध्यापिका सि. सुनीता टोप्पो, सेवानिवृत्त शिक्षकगण शिवनाथ सिंह, जगदम्बा प्रसाद, रामेश्वर नाथ घर द्विवेदी एवं सेवानिवृत्त परिचारिका बेरोनिका तिरकी द्वारा दीप प्रज्ज्वलन किया गया। तत्पश्चात् माल्यार्पण एवं अंग वस्त्रम् से सेवानिवृत्त शिक्षकगणों एवं परिचारिका का सम्मान किया गया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने विदाई नृत्य, नाटिका एवं विदाई गीत प्रस्तुत कर माहौल को गमगीन कर दिया। वहीं विद्यालय की शिक्षिका उर्मिला यादव, शकिला जैदी, ग्लोरिया बिसेन, शिक्षक राकेश द्विवेदी ने सेवानिवृत्त शिक्षकों के गयी सेवा के प्रति अपना आभार प्रकट करते हुए उनके मंगलमय जीवन की कामना की। सेवानिवृत्त शिक्षकगणों एवं परिचारिका को विद्यालय प्रबन्धन व विद्यालय परिवार की तरफ से उपहार, स्मृति चिह्न इत्यादि से भी विभूषित कर उनका सम्मान एवं आभार प्रकट किया गया। सेवानिवृत्त शिक्षक शिवनाथ सिंह के धन्यवाद ज्ञापन के साथ विदाई समारोह का समापन हुआ। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक आशुतोष पाठक एवं राकेश द्विवेदी ने किया। इस अवसर पर शिक्षक प्रदीप कुमार चौबे, आदर्श श्रीवास्तव, प्रदीप कुमार शिक्षिका ग्लोरिया बिसेन, स्वाति यादव, वन्दना सिंह, सौम्या के अतिरिक्त विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएँ एवं सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम से हमे अनेकता में एकता का संदेश मिलता है-आर पी सिंह

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**अनपरा सोनभद्र।** हिंडालको रेनुसागर के तत्वाधान में चैत्र रामनवमी एवं संस्थापक दिवस के शुभ अवसर पर रामलीला मैदान में का शुरुआत गणेश बन्दना से हुई।वाराणसी से आये माँ अन्नपूर्णा भक्त मण्डल देवी जागरण समिति के सुप्रसिद्ध गायक दिवाकर सिन्हा ने जरा देर ठहरो राम तमन्ना यही



आयोजित भजन संध्या पर उमड़ा जन सैलाब।इस अवसर पर हिंडाल्को रेनुसागर के यूनिट हेड आर पी सिंह ,दिशिता महिला मंडल रेनुसागर की अध्यक्षा इंदु सिंह ,एच. आर. हेड शैलेश विक्रम सिंह एवं अन्य अधिकारियों तथा मान्यता प्राप्त यूनियन के पदाधिकारियों के साथ दीप प्रज्वलन कर भगवान श्रीराम तथा श्रद्धेय घनश्याम दासजी बिरला जी के चित्रों पर पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।तत्पश्चात यूनिट हेड एवं अन्य अधिकारियों ने गायक एवं वाद्ययंत्रों पर संगत दे रहे कलाकारों को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया।इस अवसर पर हिंडालको रेनुसागर के यूनिट हेड आर पी सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम से हमे अनेकता में एकता का संदेश मिलता है ।उन्होंने कहा कि जब लोग विभिन्न संस्कृतियों के गीत, नृत्य, कला, और भजन का अनुभव करते हैं, तो वे एक-दूसरे के प्रति सम्मान और समझ विकसित करते हैं। इससे सामाजिक बंधन मजबूत होते हैं और एकता का एहसास होता है, चाहे हम किसी भी पृष्ठभूमि से आए हों। कार्यक्रम है अभी हमने जी भर के देखा नही हैठकी शानदार प्रस्तुति ने सैकड़ो भजन प्रेमियों की वाहवाही लूटी।वही आरती सिन्हा के ठसजा दो प्रेम गुलसन सा मेरे प्रभु श्रीराम आये हैठकी भजन के आगाज से देर रात्रि तक भजन प्रेमियों को बांधे रखा।गोबिंद कुमार के अगुआई में एक से बढ़कर एक कलाकारों भजन एवं झांकियो की मनोहारी प्रस्तुति ने मंत्रमुग्ध कर दिया।कार्यक्रम के अंत मे आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर संजय श्रीमाली ,दीपक पांडेय ,कुमार हर्षवर्धन, मनीष सिंह, अरविंद सिंह, सुबोध दवे, संदीप यावले, मृदुल भारद्वाज, सुधाकर अन्नामलाई, बृजेश कुमार सिंह ,कमलेश मौर्या आदि अन्य विभागाध्यक्ष के साथ यूनियन के विजय झा शैलेन्द्र यादव , निर्दोष सिंह, संतोष तिवारी, रणजीत सिंह, आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में रोहित सक्सेना ,रमेश वर्मा,रणजीत सिंह, सनोज, मुरारी आदि का महत्पूर्ण योगदान रहा।कार्यक्रम का सफल संचालन सदानंद पांडेय ने किया धन्यवाद ज्ञापित ईआर हेड मृदुल भारद्वाज ने किया।

## अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए टोलीवार करवाया गया ड्रिल-एएसपी

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**सोनभद्र।** कालू सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) सोनभद्र द्वारा पुलिस लाईन चुर्क परेड ग्राउंड में मंगलवार परेड की सलामी ली नियंत्रण/सुरक्षा उपकरणों के सम्बंध में जानकारी लेते हुए उनकी चेकिंग की गयी । तत्पश्चात पुलिस लाईन चुर्क में स्थित क्वार्टर गार्द पर तैनात सलामी गार्द द्वारा



गई तथा परेड का निरीक्षण किया । निरीक्षण के पश्चात शारीरिक एवं मानसिक रूप से फिट रहने के लिए परेड की दौड़ लगवाई । निरीक्षण के क्रम में महोदय द्वारा यू0पी0-112 व थानों से आये वाहनों की गहनता से चेकिंग की गयी तथा पीआरवी पर तैनात पुलिस कर्मियों से वाहनों में उपलब्ध दंगा एएसपी मुख्यालय को सलामी दी गयी जिसपर महोदय द्वारा सलामी का अभिवादन स्वीकार किया गया । इस दौरान क्वार्टर गार्द, स्टोर, परिवहन शाखा, मेस, पुलिस बैरक व पुलिस लाइन परिसर का निरीक्षण कर साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने हेतु सम्बंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए ।

## स्थापना दिवस प्रदर्शनी का एमएलसी ने फीता काट कर दिया उद्घाटन

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**सोनभद्र।** भारतीय जनता पार्टी स्थापना दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार जिला कार्यालय सोनभद्र



पर स्थापना दिवस प्रदर्शनी का आयोजन किया गया,जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधान परिषद सदस्य विनीत सिंह ने फीता काटकर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष नन्दलाल ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यातिथि ने कहा कि 6 अप्रैल 1980 में भारतीय राजनीति में नया दौर आया राष्ट्र नव निर्माण के संकल्प के साथ भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई भारतीय जनता पार्टी कट्टर अनुशासन वर्षों का त्याग राष्ट्र के लिए पीढ़ियों सर्वस्व बलिदान करने वाले कार्यकर्ताओं की पार्टी है जो आज वट वृक्ष के रूप में भारतीय राजनीति में विद्यमान है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष नन्दलाल ने कहा कि सालों के संघर्ष के बाद 1996 में 13 दिन 1998 में 13 महीने और 1999 में आदरणीय अटल जी के नेतृत्व में पूरे पांच साल भाजपा को मां भारती की सेवा करने का मौका मिला कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम से पूरे देश में कमल खिलता जा रहा है लोग जुड़ रहे है और कारवां बनता जा रहा है। इस अवसर पर पूर्व सांसद रामशकल , पूर्व विधायक तिरथराज , अजीत रावत, जिला महामंत्री कृष्णमुरारी गुप्ता, कमलेश चौबे, पुष्पा सिंह, गुडिया तिवारी, संतोष शुक्ला, शंम्भू नारायण, गोपाल सिंह, बृजेश श्रीवास्तव, अनिल सिंह, अतुल पाण्डेय, रामनिवास तोमर सहित आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एबीवीपी के प्रतिनिधिमंडल ने प्राइवेट विद्यालयों द्वारा शुल्कवृद्धि, प्रवेश शुल्क व विद्यालय प्रबंधन द्वारा पुस्तक व यूनिफॉर्म के बाजारीकरण के विरोध में जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**सोनभद्र।** सादर अवगत हो कि



ठअखिल भारतीय विद्यार्थी परिषदठ विश्व का सबसे बड़ा सक्रिय एवं राष्ट्रवादी छात्र संगठन है । जो वर्ष भर विद्यार्थीयों एवं शिक्षा हितों के साथ-साथ देश व समाज में चल रहे प्रत्येक समसामयिक विषयों में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका सुनिश्चित करती है इसी क्रम में जनपद सोनभद्र में प्राइवेट स्कूल द्वारा हर वर्ष तय मानक के विपरीत शुल्क वृद्धि व हर वर्ष एडमिशन के नाम पर प्रवेश शुल्क लिया जा रहा है व विद्यालय प्रबंधन द्वारा तय पुस्तक विक्रेता से किताबे खरीदने का दबाव बना रहे है. अभिभावकों और छात्रों को भी मजबूरी में वहीं से किताबें खरीदनी पड़ रही है. एबीवीपी की मांग है कि अभिभावकों और छात्रों को स्वतंत्र रूप से किसी भी पुस्तक विक्रेता से पुस्तकें खरीदने की छूट दी जाए।इसके अलावा यूनिफॉर्म के लिए भी छात्रों और उनके अभिभावकों को इसी तरह मजबूर किया जा रहा है. एबीवीपी का आरोप है कि निजी कमीश्न खोरी के चक्कर में अभिभावकों का शोषण कर रहे हैं, जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा पहले निजी स्कूलों में आरटीई यानी शिक्षा के अधिकार के तहत गरीब बच्चों के पढ़ने की योजना थी, लेकिन अधिकतर स्कूलों ने इस प्रक्रिया को खत्म कर दिया है. ऐसे में गरीब बच्चों को शिक्षा से वंचित होना पड़ रहा है जिसमें अभिभावकों का ऐसा कहना है कि डी.पी.एस.एस स्कूल,सन्त जोसफ कान्वेंट स्कूल,स्वामी हरसेवानंद पब्लिक स्कूल,डी ए वी पब्लिक स्कूल, संत भगवानंद पब्लिक स्कूल, सनबीम स्कूल, एकैडमी, संत कीनाराम इंटर कॉलेज प्रमुख रूप से कुछ एँर्ए के कुछ विद्यालय हैं जो ऐसी गतिविधियों में संलिप्त हैं ।प्रदेश सहमंत्री शशांक मिश्रा ने बताया कि इस प्रकार की कार्यप्रणाली से प्राइवेट स्कूल छात्रों,अभिभावकों का शोषण कर रहे हैं और वह शिक्षा के व्यापरीकरण का कार्य कर रहे हैं जो कि देश हित व राष्ट्रहित में उचित नहीं है और इस प्रकार के रवैया का विद्यार्थी परिषद पुरजोर विरोध करता है।इस दौरान प्रदेश सहमंत्री शशांक मिश्रा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनमोल सोनी, जिला संयोजक मृगांक दुबे, तहसील संयोजक राहुल जालान, सत्यम शुक्ला, वैभव पांडे, प्रिंस सिंह, धर्मेश पांडे,हर्ष चौबे आदि उपस्थित रहें।

## मेरा प्लास्टिक, मेरी जिम्मेदारी को मिली नई दिशा – रॉबर्ट्सगंज ब्लॉक के ऊंचडीह ग्राम पंचायत में '2 किलो प्लास्टिक लाओ, इनाम में सेनेटरी पैड पाओ' की अनोखी पहल

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**सोनभद्र।** जनपद को प्लास्टिक मुक्त बनाए जाने और प्लास्टिक प्रबंधन के लिए ग्राम पंचायत अब नए नए मॉडल ईजाद करने लगी है। ग्राम पंचायतें अब प्लास्टिक के प्रबंधन के लिए ठमेरा प्लास्टिक, मेरी जिम्मेदारीठ अभियान को सोनभद्र जिले में नई ऊर्जा देते हुए विकास खंड रॉबर्ट्सगंज की ग्राम पंचायत ऊंचडीह में एक अभिनव पहल की शुरुआत की गई है। ग्राम प्रधान अर्चना त्रिपाठी ने महिलाओं और किशोरियों को स्वच्छता और मासिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए यह अभियान शुरू किया है।इस योजना के अंतर्गत गांव की महिलाओं को प्रेरित किया गया कि वे अपने घर पर एक बोरी टांगें घर पर प्रयोग होने वाले प्लास्टिक के बैग, नमकीन के रैपर, गुटका के रैपर, तेल के बोतल/ रैपर, बिस्कुट टॉफी के पन्नी पानी के बोतल इत्यादि प्लास्टिक को उस बोरी में रखिए और अपने घर के आस पास फैले प्लास्टिक को बिन कर इकट्ठा कर बोरी में डालें जब 2 किलो प्लास्टिक हो जाए तो उसे पंचायत भवन या आरआरसी केंद्र पर जमा करें। इसके बदले उन्हें इनाम स्वरूप एक पैकेट सेनेटरी पैड प्रदान किया जाएगा।ग्राम प्रधान अर्चना त्रिपाठी ने बताया किठप्लास्टिक हटेगा तो गांव स्वच्छ होगा, और अगर महिलाएं स्वच्छ रहेंगी तो समाज स्वस्थ रहेगा। यह केवल प्लास्टिक प्रबंधन नहीं, बल्कि महिला सशक्तिकरण और सम्मान की दिशा में उठाया गया कदम है।हमारे गांव में महिलाओं एवं किशोरियों के स्वास्थ्य एवं उनके आत्म सम्मान के दृष्टिगत प्लास्टिक के बदले सेनेटरी पैड उपलब्ध कराए जाने से उनके स्वास्थ्य में भी सुधार होगा साथ ही गांव में जिस तरह से प्लास्टिक फैल रहा है उसे भविष्य में भूगर्भ जल स्तर के साथ-साथ हमारे पशु पक्षियों को भी नुकसान हो रहा है। प्लास्टिक प्रयोग बंद करने और इसके प्रबंधन के दिशा में भी यह एक कदम है। हम अपने गांव को प्लास्टिक मुक्त करते हुए लोगों को जागरूक करें तथा प्रयोग किए हुए किसी भी तरह के प्लास्टिक को घर से बाहर धरती पर ना आने दें जिससे कि हम अपने जनपद को प्लास्टिक के खतरे से बचा पाएंगे।इस आयोजन में ग्राम पंचायत की आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पंचायत सहायिका, शिक्षिकाएं तथा अनेक ग्रामीण महिलाएं शामिल हुईं। उपस्थित महिलाओं में अनीता देवी, नीतू सिंह पटेल, सुशीला देवी, सीता देवी, सरिता देवी, रुक्मणी, शांति, आराधना, मुमताज बानो, अर्चना दुबे, पूजा आदि प्रमुख रहीं। अभियान की विशेषताएंः 2 किलो प्लास्टिक दो, इनाम में सेनेटरी पैड पाओ। मासिक धर्म स्वच्छता पर जोर। महिला जागरूकता व सम्मान की पहल।



# स्पोर्ट्स




## 'लोग ये नहीं जानते कि..', रिटायर्ड आउट वाले फैसले पर हार्दिक ने तोड़ी चुप्पी, रोहित को लेकर भी बोले


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** बुमराह को लेकर हार्दिक ने कहा, 'उनके होने से दुनिया की कोई भी टीम काफी खास बन जाती है। वह अंदर आए और अपना काम किया। उन्हें टीम में पाकर बहुत खुश हूं।आईपीएल 2025 में सोमवार को मुंबई इंडियंस को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के हाथों अपने घर में हार का सामना करना पड़ा। इस हार के बाद मुंबई के कप्तान हार्दिक नाखुश दिखे। उन्होंने टीम की हार की वजह गिनाई, साथ ही तिलक वर्मा को पिछले मैच में रिटायर्ड आउट कराने के फैसले को लेकर भी बातचीत की। हार्दिक ने कहा कि बहुत से लोगों ने बहुत कुछ कहा, लेकिन कोई ये नहीं जानता कि तिलक के अंगुली में चोट लगी थी। इस वजह से कोच महेला जयवर्धने ने यह फैसला लिया था। सोमवार को आरसीबी ने वानखेड़े में 12 रन से जीत दर्ज की। आईपीएल 2025 में सोमवार को मुंबई इंडियंस को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के हाथों अपने घर में हार का सामना करना पड़ा। इस हार के बाद मुंबई के कप्तान हार्दिक नाखुश दिखे। उन्होंने टीम की हार की वजह गिनाई, साथ ही तिलक वर्मा को पिछले मैच में रिटायर्ड आउट कराने के फैसले को लेकर भी बातचीत की। हार्दिक ने कहा कि बहुत से लोगों ने बहुत कुछ कहा, लेकिन कोई ये नहीं जानता कि तिलक के अंगुली में चोट लगी थी। इस वजह से कोच महेला जयवर्धने ने यह फैसला लिया था। सोमवार को आरसीबी ने वानखेड़े में 12 रन से जीत दर्ज की। हार्दिक ने कहा, 'आरसीबी के खिलाफ मैच में रनों की बारिश हुई। विकेट काफी अच्छा था। मैं बस अपने आप से उस बारे में बात कर रहा था कि फिर से हम दो हिट कम रह गए। मेरे पास कहने के लिए बहुत कुछ नहीं है।' यह पूछे जाने पर कि क्या 221 रन ज्यादा नहीं थे? कप्तान हार्दिक ने कहा, 'जिस तरह से विकेट था, गेंदबाजों के पास वास्तव में छिपने के लिए ज्यादा जगह नहीं



थी। हालांकि, वहां आपको अपनी कौशल का इस्तेमाल करना था। आप बल्लेबाजों को रोक सकते हो, लेकिन मैं गेंदबाजों के प्रति कठोर नहीं होना चाहता। यह एक मुश्किल पिच थी, हमारे पास बहुत सारे विकल्प नहीं थे।'यह पूछे जाने पर कि नमन धीर को नंबर तीन की जगह लोअर ऑर्डर में क्यों भेजा गया? एमआई के कप्तान ने कहा, 'हमारी टीम की रीढ़ नमन हमेशा से निचले क्रम में बल्लेबाजी कर रहे थे। यह सिर्फ इतना है कि पिछले मैच में रोहित उपलब्ध नहीं थे। इसलिए हमें किसी को ऊपर भेजना पड़ा। नमन काफी टैलेंटेड हैं। वह ऊपरी क्रम में भी बल्लेबाजी कर सकते हैं और डेथ में भी खेल सकते हैं। एक बार जब रोहित वापस आ गए, तो हम जानते थे कि नमन को नीचे आना होगा। इस तरह के मैचों में पावरप्ले बहुत महत्वपूर्ण हैं। कुछ ओवर तक हम गेंद हिट नहीं कर पा रहे थे। बाद की हिट ने हमें चेज में वापस ला दिया था बुमराह को लेकर हार्दिक ने कहा, 'बुमराह के होने से दुनिया की कोई भी टीम काफी खास बन जाती है। वह अंदर आए और अपना काम किया। उन्हें टीम में पाकर बहुत खुश हूं। जीवन में आपको कभी भी पीछे नहीं हटना चाहिए। हमेशा इसके सकारात्मक पक्ष को देखें। मैदान में जाओ और अपने जीवन की सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेलने की कोशिश करो और खुद का समर्थन करो। हम सभी उनका समर्थन कर रहे हैं, बस उम्मीद है कि परिणाम हमारे पक्ष में आएं।' मुंबई इंडियंस के खिलाफ 12 रन की रोमांचक जीत दर्ज करने के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान रजत पाटीदार ने अपने गेंदबाजों की तारीफ की। प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए पाटीदार ने पुरस्कार समारोह में कहा, 'हमारे गेंदबाजों ने जिस दिलेरी से गेंदबाजी की वह तारीफ के काबिल है। यह पुरस्कार (प्लेयर ऑफ द मैच) पूरी गेंदबाजी इकाई को जाता है।' उन्होंने आखिरी ओवर में तीन विकेट लेने वाले क्रुणाल पंड्या की तारीफ करते हुए कहा, 'क्रुणाल ने अंतिम ओवर में जिस तरह से गेंदबाजी थी वह शानदार था। ऐसी परिस्थितियों में किसी भी टीम के खिलाफ ऐसी गेंदबाजी करना काफी मुश्किल है।' मैच की बात करें तो इस बड़े स्कोर वाले मुकाबले में आरसीबी ने सोमवार को विराट कोहली (67) और पाटीदार (64) के तूफानी अर्धशतकों की बदौलत पांच विकेट पर 221 रन बनाने के बाद मुंबई इंडियंस को नौ विकेट पर 209 रन पर रोक दिया। आरसीबी ने एमआई के खिलाफ 2015 के बाद पहली बार जीत दर्ज की है। मुंबई के लिए तिलक वर्मा ने 29 गेंद में 56, जबकि हार्दिक पांड्या ने 15 गेंद में 42 रन की पारी खेली। आरसीबी के लिए क्रुणाल पांड्या ने चार, जबकि यश दयाल, जोश हेजलवुड ने दो-दो विकेट लिए।

## हार्दिक ने हासिल की बड़ी उपलब्धि, टी20 में पांच हजार रन और 200 विकेट लेने वाले पहले भारतीय बने

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** हार्दिक से पहले टी20 में पांच हजार रन और 200 विकेट लेने की उपलब्धि ड्वेन ब्रावो, शाकिब अल हसन, आंद्रे रसेल, मोहम्मद नबी, समित पटेल, कीरोन पोलार्ड, रवि बोपारा, डेनियल क्रिस्टियन, मोईन अली, शेन वाटसन और मोहम्मद हफीज के नाम है। मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ मैच के दौरान एक बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है। वह टी20 में 5000 रन और 200 विकेट पूरे करने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। हार्दिक ने लियाम लिविंगस्टोन को आउट किया जो टी20 में उनका 200वां शिकार बने। इससे पहले उन्होंने विराट कोहली को आउट किया था। हार्दिक से पहले टी20 में पांच हजार रन और 200 विकेट लेने की उपलब्धि ड्वेन ब्रावो, शाकिब अल हसन, आंद्रे रसेल, मोहम्मद नबी, समित पटेल, कीरोन पोलार्ड, रवि बोपारा, डेनियल क्रिस्टियन, मोईन अली, शेन वाटसन और मोहम्मद हफीज के नाम है। हार्दिक ने आरसीबी के खिलाफ मैच में चार ओवर में 45 रन देकर दो विकेट अपने नाम किए। मैच की बात करें तो मुंबई इंडियंस ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया, लेकिन विराट कोहली और रजत पाटीदार की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत आरसीबी ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ 20 ओवर में पांच विकेट खोकर 221 रन बनाए।



मुंबई के लिए ट्रेंट बोल्ट और हार्दिक पांड्या ने दो-दो विकेट लिए, जबकि विग्नेश पुथुर को एक सफलता मिली इस मैच में आरसीबी की शुरुआत झटके के साथ हुई थी। ट्रेंट बोल्ट ने पहले ही ओवर में फिल सॉल्ट को बोल्ड किया। वह सिर्फ चार रन बना सके। इसके बाद विराट कोहली और देवदत्त पडिक्कल ने मोर्चा संभाला। दोनों के बीच 52 गेंदों में 91 रनों की विशाल साझेदारी हुई। विग्नेश पुथुर ने पडिक्कल को विल जैक्स के हाथों कैच कराया। वह दो चौके और तीन छक्के की मदद से 37 रन बनाने में कामयाब हुए। इसके बाद किंग कोहली को रजत पाटीदार का साथ मिला और दोनों ने 48 रन की पार्टनरशिप की। हार्दिक पांड्या ने 15वें ओवर में किंग कोहली को नमन धीर के हाथों कैच कराया। वह आठ चौके और दो छक्के की मदद से 67 रनों की पारी खेलने में कामयाब हुए।

## रोहित शर्मा का फ्लॉप शो जारी, बेंगलुरु के खिलाफ भी नहीं चला बल्ला; चार पारियों में बनाए सिर्फ 38 रन


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** मुंबई इंडियंस के अनुभवी बल्लेबाज रोहित शर्मा का फ्लॉप प्रदर्शन जारी है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ मैच में भी उनका बल्ला खामोश रहा। वह सिर्फ 17 रन बना सके। मुंबई इंडियंस के अनुभवी बल्लेबाज रोहित शर्मा का फ्लॉप प्रदर्शन जारी है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ मैच में भी उनका बल्ला खामोश रहा। वह सिर्फ 17 रन बना सके। उनके इस प्रदर्शन से मुंबई के फैंस में निराश हैं। बता दें कि, मुंबई इंडियंस और आरसीबी के बीच 20वां मुकाबला वानखेड़े में खेला जा रहा है। इस मैच में आरसीबी ने मेजबानों के सामने 222 रन का लक्ष्य रखा।चोट के बाद वापसी करने वाले रोहित एक बार फिर फ्लॉप साबित हुए। वह लखनऊ के खिलाफ मैच में नहीं खेले थे। उन्होंने शुरुआत अच्छी की थी, लेकिन कामयाब नहीं हो सके। दाएं हाथ के बल्लेबाज को यश दयाल ने बोल्ड किया। वह दो चौकों और एक छक्के की मदद से सिर्फ 17 रन बना पाए। अब मुंबई को अपना अगला मैच दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ रविवार को खेलना है। उम्मीद है कि रोहित इस मैच में अपनी फॉर्म में सुधार करने में कामयाब होंगे। रोहित अब तक आईपीएल 2025 में बल्ले से अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके हैं।



रोहित पिछले सीजन मुंबई इंडियंस के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज थे। उन्होंने आईपीएल 2024 में 14 पारियों में 32.07 के औसत और 150 के स्ट्राइक रेट से 417 रन बनाए थे, लेकिन इस सीजन उनका बल्ला खामोश रहा। चार पारियों में हिटमैन ने सिर्फ 38 रन बनाए हैं। मुंबई इंडियंस ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ मैच खेलने के साथ ही एक बड़ी उपलब्धि अपने नाम दर्ज कर ली है। मुंबई की टीम टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा मैच खेलने वाली टीम बन गई है। यह मुंबई का 288वां टी20 मुकाबला है और उसने इस मामले में समरसेट को पीछे छोड़ दिया है जिसने टी20 क्रिकेट के इतिहास में 287 मुकाबले खेले हैं।

## बिली जीन किंग कप से पहले भारत की अंकिता रैना ने कही यह बात, टीम के बीच तालमेल को लेकर भी दिया बयान

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भारत शुरुआती दिन न्यूजीलैंड से भिड़ेगा। मंगलवार को अन्य मैचों में कोरिया चीनी ताइपे



से और थाईलैंड हांगकांग से भिड़ेगा। भारत की शीर्ष महिला टेनिस खिलाड़ी अंकिता रैना ने मंगलवार से शुरू हो रहे बिली जीन किंग कप एशिया-ओशिनिया ग्रुप-1 से पहले बयान दिया है। उन्होंने आत्मविश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि टीम के बीच तालमेल बहुत अच्छा है। अंकिता ने कहा कि अब इस पल का आनंद लेने का समय है। देश की नंबर एक खिलाड़ी अंकिता इस प्रतियोगिता में भारतीय टीम की कमान संभालेगी।उनके अलावा सहजा यमलापल्ली, श्रीवल्ली भामिदिपति, वैदेही चौधरी और युगल विशेषज्ञ प्रार्थना थोम्बरे भी टीम का हिस्सा हैं। 15 साल की माया राजेश्वरन रिजर्व खिलाड़ी हैं, जबकि पूर्व डेविस कप खिलाड़ी विशाल उप्पल कप्तान और राधिका कानिटकर तुलपुले कोच हैं।अंकिता ने कहा, 'हर कोई टूर्नामेंट का इंतजार कर रहा है और मुझे लगता है कि हम पूरी तरह से तैयार हैं। टीम के बीच तालमेल बहुत अच्छा है और हम शुरुआत का इंतजार कर रहे हैं। मैं बस उन्हें (युवा खिलाड़ियों को) यही कह रही हूं कि आप देश के लिए खेल रही हो और इसका पूरा आनंद लो। मैं उनसे कहूंगी की अपनी तरफ से सर्वश्रेष्ठ प्रयास करें। इस मुकाम तक पहुंचना बहुत से लोगों का सपना होता है। इसलिए बस अपना सर्वश्रेष्ठ दें, वहां हर पल का आनंद लें। परिणाम के बारे में चिंता न करें।

## 10 साल बाद बेंगलुरु ने मुंबई को वानखेड़े में हराया, कोहली-पाटीदार के बाद चमके क्रुणाल पांड्या

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी आरसीबी ने 20 ओवर में पांच विकेट खोकर 221 रन बनाए। जवाब में मुंबई निर्धारित ओवर में नौ विकेट खोकर सिर्फ 209 रन बना सकी। 2015 के बाद यह आरसीबी की इस मैदान पर मुंबई के खिलाफ पहली जीत है।क्रुणाल पांड्या की घातक गेंदबाजी के दमपर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने मुंबई इंडियंस को 12 रन से हराकर इस सत्र की तीसरी जीत दर्ज की। सोमवार को वानखेड़े में खेले गए इस मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी आरसीबी ने 20 ओवर में पांच विकेट खोकर 221 रन बनाए। जवाब में मुंबई निर्धारित ओवर में नौ विकेट खोकर सिर्फ 209 रन बना सकी। 2015 के बाद यह आरसीबी की इस मैदान पर मुंबई के खिलाफ पहली जीत है। वहीं, वानखेड़े में मुंबई के खिलाफ आईपीएल इतिहास की यह उनकी चौथी जीत है।आरसीबी ने वानखेड़े में मुंबई के खिलाफ 3619 दिन बाद जीत दर्ज की है। इस जीत के साथ रजत पाटीदार के नेतृत्व वाली टीम तीसरे पायदान पर पहुंच गई। उनके खाते में छह अंक और 1.015 नेट रन रेट हो गया है। वहीं, मुंबई को



इस सत्र में चौथी और लगातार दूसरी शिकस्त मिली है। टीम आठवें स्थान पर है और उनका नेट रन रेट -0.010 हो गया है। शीर्ष पर छह अंक और 1.257 नेट रन रेट के साथ दिल्ली कैपिटल्स है। 222 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई की शुरुआत झटके के साथ हुई थी। रोहित शर्मा एक बार फिर बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे। उन्हें यश दयाल ने दूसरे ही ओवर में बोल्ड किया। वह सिर्फ 17 रन बना सके। इसके बाद रेयान रिकेल्टन भी जोश हेजलवुड का शिकार बन बैठे। वहीं, विल जैक्स और सूर्यकुमार यादव क्रमशः 22 और 28 रन बनाकर आउट हुए। 99 पर चार रन खो चुकी मुंबई को एक बड़ी साझेदारी की जरूरत थी और तभी क्रीज पर कप्तान हार्दिक पांड्या पहुंचे। उन्होंने महज 15 गेंदों में तीन चौकों और चार छक्कों की मदद से 42 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने तिलक वर्मा के साथ महज 34 गेंदों में 89 रन की साझेदारी निभाई। पिछले मैच में रिटायर्ड हर्ट आउट होने वाले तिलक इस मैच में अर्धशतक बनाकर पवेलियन लौटे। उन्हें हेजलवुड ने लिविंगस्टोन के हाथों कैच कराया। बाएं हाथ के बल्लेबाज ने चार चौकों और चार छक्कों की मदद से 56 रन बनाए। हालांकि, दोनों अपनी टीम को जीत दिलाने में नाकाम हुए। पारी के आखिरी ओवर में क्रुणाल पांड्या ने तीन विकेट लेकर पासा पलट दिया। उन्होंने नमन धीर (11), मिचेल सेंटनर (8) और दीपक चाहर (0) को अपना शिकार बनाया। ट्रेंट बोल्ट और जसप्रीत बुमराह नाबाद रहे। आरसीबी के लिए क्रुणाल ने चार विकेट लिए जबकि यश दयाल और जोस हेजलवुड ने दो-दो विकेट झटके। वहीं, भुवनेश्वर कुमार को एक सफलता हाथ लगी।इस मैच में आरसीबी की शुरुआत झटके के साथ हुई थी। ट्रेंट बोल्ट ने पहले ही ओवर में फिल सॉल्ट को बोल्ड किया। वह सिर्फ चार रन बना सके। इसके बाद विराट कोहली और देवदत्त पडिक्कल ने मोर्चा संभाला। दोनों के बीच 52 गेंदों में 91 रनों की विशाल साझेदारी हुई। विग्नेश पुथुर ने पडिक्कल को विल जैक्स के हाथों कैच कराया। वह दो चौके और तीन छक्के की मदद से 37 रन बनाने में कामयाब हुए। इसके बाद किंग कोहली को रजत पाटीदार का साथ मिला और दोनों ने 48 रन की पार्टनरशिप की। हार्दिक पांड्या ने 15वें ओवर में किंग कोहली को नमन धीर के हाथों कैच कराया। वह आठ चौके और दो छक्के की मदद से 67 रनों की पारी खेलने में कामयाब हुए। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने 29 गेंदों में इस सत्र का दूसरा पचासा जड़ा। यह उनके आईपीएल करियर का 57वां अर्धशतक है। वहीं, कप्तान पाटीदार का बल्ला भी जमकर गरजा। उन्होंने पांच चौके और चार छक्कों की सहायता से 64 रन बनाए। लियाम लिविंगस्टोन खाता भी नहीं खोल पाए। जितेश शर्मा 40 और टिम डेविड एक रन बनाकर नाबाद रहे। मुंबई के लिए ट्रेंट बोल्ट और हार्दिक पांड्या ने दो-दो विकेट लिए जबकि विग्नेश पुथुर को एक सफलता मिली।

## राशि फल



| | | | |
|---|---|---|---|
| कुछ कार्य जिसकी पिछले कुछ दिनों से प्लानिंग चल रही है, आज शुरू हो सकता है, जिससे आपको आर्थिक स्थिति में लाभ होगा। व्यापार-व्यवसाय में परिवर्तन की योग बन रहे हैं | आज का दिन अच्छा है। परिवार में कोई नया सदस्य आ सकता है। आपके स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। व्यापार आदि में सहयोगी पार्टनर के माध्यम से आय के नए स्रोत बनेंगे | किसी कार्य विशेष को लेकर आज यात्रा आदि पर बाहर जा सकते हैं। यात्रा में सावधानी बरतें, नहीं तो आपको नुकसान हो सकता है। साथ ही परिवार में किसी अपने के स्वास्थ्य से आप चिंतित रह सकते हैं। | आज आप व्यर्थ की भागदौड़ से परेशान हो सकते हैं। आपका मन अशांत रहेगा। कार्य की अधिकता के कारण थकावट आदि महसूस होगी। |
| आज आप मानसिक रूप से उलझे रहेंगे। किसी बात को लेकर परिवार में परेशानी बढ़ सकती है, लेकिन आप अपनी कुशलता से उसे हल करने में सफल होंगे। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। | नौकरी आदि के लिए यदि प्रयास कर रहे हैं तो, आज आपको सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य आपका ठीक रहेगा, परंतु परिवार में माता-पिता का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। | आज आपका कोई महत्वपूर्ण कार्य न होने से आप मानसिक तौर से परेशान रह सकते है। आर्थिक स्थिति के कारण आपको किसी से मदद मांगनी पड़ सकती है। व्यापार-व्यवसाय में भी इस समय गिरावट महसूस होगी। | आज आप पतनी के स्वास्थ्य को लेकर कुछ परेशान रहेंगे। परिवार के लोग सहयोग करेंगे। व्यापार-व्यवसाय में अपने साथियों के विरोध के कारण आपको बड़ा नुकसान हो सकता है। |
| स्वास्थ्य को लेकर आप परेशान हो सकते हैं। साथ ही नौकरी आदि में अधिकारी वर्ग से मतभेद बढ़ने से आपकी परेशानी बढ़ेगी। | आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। किसी अपने के द्वारा आपको कार्यक्षेत्र में बड़ा काम मिल सकता है, जिस कारण मन प्रसनन रहेगा। | आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मानसिंक शांति रहेगी लेकिन असंतोष भी रहेगा। परिवार में शांति बनी रहेगी। पिता का सहयोग मिलेगा। | मान-सम्मान बढ़ेगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आत्मविश्वास बन रहेगा। शिक्षा से जुड़े काम सफल होंगे। |

## टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा मैच खेलने वाली टीम बनी मुंबई इंडियंस, समरसेट को पीछे छोड़ा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** यह मुंबई का 288वां टी20 मुकाबला है और उसने इस मामले में समरसेट को पीछे छोड़ दिया है जिसने टी20 क्रिकेट के इतिहास में 287 मुकाबले खेले हैं। मुंबई इंडियंस ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ मैच खेलने के साथ ही एक बड़ी उपलब्धि अपने नाम दर्ज कर ली है। मुंबई की टीम टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा मैच खेलने वाली टीम बन गई है। यह मुंबई का 288वां टी20 मुकाबला है और उसने इस मामले में समरसेट को पीछे छोड़ दिया है जिसने टी20 क्रिकेट के इतिहास में 287 मुकाबले खेले हैं। मुंबई का सामना वानखेड़े स्टेडियम पर आरसीबी से हो रहा है। मुंबई इंडियंस ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। कप्तान हार्दिक पांड्या ने बताया कि इस मैच के जरिए जसप्रीत बुमराह मैदान पर वापसी कर रहे हैं। उन्हें अश्विनी कुमार की जगह प्लेइंग 11 में शामिल किया गया। वहीं, आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार ने बताया कि उन्होंने इस मैच के लिए अपनी एकादश में कोई बदलाव नहीं किया है।मुंबई की टीम आईपीएल की सबसे सफल टीम है। उसने पांच बार इस टूर्नामेंट का खिताब जीता है। रोहित शर्मा की अगुआई में मुंबई ने अपने सभी पांचों खिताब जीते हैं। हालांकि, अब टीम की कप्तानी हार्दिक पांड्या कर रहे हैं। हार्दिक को आईपीएल 2024 में मुंबई की कप्तानी सौंपी गई थी। हार्दिक की अगुआई में पिछले सीजन मुंबई का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था और वह अंक तालिका में 10वें स्थान पर रही थी। इस सीजन भी उसका प्रदर्शन अभी तक कुछ खास नहीं रहा है और टीम ने चार में से सिर्फ एक मैच जीता है।



# सम्पादकीय

## ऋतुचित्त से हो चित्त स्थिर, क्या होगा अगर हम ऐसा कर सकें

हर ऋतु, चाहे वह सुख हो या दुख, केवल समय का एक हिस्सा है। जैसे गर्मी के मौसम में हम पंखा या एसी का उपयोग करते हैं, वैसे ही जीवन की कठिन परिस्थितियों में हमें अपनी आंतरिक शांति का सहारा लेना होता है। क्या आपने कभी अनुभव किया है कि जैसे मौसम बदलता है, वैसे ही मन भी बदलता रहता है? कभी सुख, कभी दुःख, कभी प्रेम, कभी घृणा, हमारे भीतर यह उतार-चढ़ाव अनवरत चलते रहते हैं। ये बदलाव बाहरी मौसम के समान हैं, जो समय के साथ होते रहते हैं। हम जिन स्थितियों में होते हैं, उनसे हमारा मन भी प्रभावित होता है। लेकिन, क्या होगा अगर हम उस चंचल मन को स्थिर कर सकें? क्या होगा अगर हम भीतर से इतना सशक्त हो सकें कि कोई भी बाहरी परिस्थिति हमें हिला न सके इससे जुड़ा एक अद्भुत सिद्धांत है जिसे हम ङ्खऋतुचित्तङ्ग कहते हैं। ऋतुचित्त का अर्थ है, वह मानसिक अवस्था जहां मन बाहरी परिस्थितियों के प्रभाव से मुक्त हो जाता है। जब मन स्थिर होता है, तब वह किसी भी ऋतु (मौसम) की तरह अप्रभावित रहता है। जैसे गर्मी, सर्दी, या बारिश अपने समय पर आती हैं, वैसे ही मन की अवस्थाएं आती हैं, लेकिन एक स्थिर और साधक व्यक्ति उनके बीच भी शांत और स्थिर रहता है। यह स्थिति केवल संतों की नहीं है, बल्कि हर व्यक्ति इसे पा सकता है, अगर वह सही मार्ग का अनुसरण करे।जीवन की यात्रा में, हम अक्सर बाहरी मौसमों के बदलाव को सहजता से स्वीकार कर लेते हैं- गर्मी की तपिश, वर्षा की फुहारें, शरद की ठंडक। लेकिन, जब बात हमारे आंतरिक मनोभावों की आती है, तो हम उन पर नियंत्रण पाने की चेष्टा में संघर्षरत रहते हैं। क्या हो यदि हम अपने मन को भी ऋतुओं की भांति स्वाभाविक रूप से प्रवाहित होने दें? यही विचार 'ऋतुचित्त' का है-एक ऐसा मन जो परिस्थिति के अनुसार सहजता से ढलता है, बिना किसी प्रतिरोध के। कल्पना कीजिए, आप एक व्यस्त सड़क पर गाड़ी चला रहे हैं और अचानक कोई वाहन आपके सामने आ जाता है। स्वाभाविक प्रतिक्रिया हो सकती है क्रोध या झुंझलाहट। लेकिन, यदि आपका चित्त 'ऋतुचित्त' है, तो आप उस क्षण को एक परिवर्तनशील परिस्थिति के रूप में देखेंगे, अपनी भावनाओं को नियंत्रित करते हुए शांत रहेंगे। यह न केवल आपके मानसिक स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है, बल्कि आपके निर्णय लेने की क्षमता को भी प्रभावित करता है।मनोविज्ञान के अनुसार, स्ंिूदर्हेर्त्ुिर्ल्ूिदह या भावनाओं का नियंत्रण, इस सिद्धांत से मेल खाता है। जब हम अपनी भावनाओं को नियंत्रित करना सीखते हैं, तो हम अपने चित्त को स्थिर कर पाते हैं। यदि, किसी दिन हमारा मन उदास है, तो हम उस उदासी को पहचानते हैं, लेकिन उसे अपनी पहचान नहीं बनने देते। हम जानते हैं कि यह सिर्फ एक ऋतु है, जो समय के साथ बदल जाएगी। इस तरह, हम अपने मन को बाहरी परिस्थितियों से अनावश्यक रूप से प्रभावित होने से बचाते हैं। भगवद्गीता में, श्रीकृष्ण अर्जुन को समत्व की शिक्षा देते हैंः ङ्खसमत्वं योग उच्यतेङ्ग–अर्थात, समता ही योग है। यह समता बाहरी नहीं, बल्कि आंतरिक संतुलन की ओर संकेत करती है, जहां मन सुख-दुःख, लाभ-हानि, जय-पराजय में समान रहता है। यह अवस्था प्राप्त करने के लिए मनोविज्ञान में 'इमोशनल रेगुलेशन' या 'भावनात्मक नियंत्रण' का उल्लेख मिलता है, जो हमें अपनी भावनाओं को पहचानने, समझने और प्रबंधित करने की क्षमता प्रदान करता है। ये भी पढ़ेंः इस मौसम में कुछ ऐसा है जो बेचैन कर देता है, गर्मी को अपनाएंगे तो ही मिलेगी शीतलता इसी प्रकार मनोविज्ञान में, 'कॉग्निटिव रीफ्रेमिंग' एक तकनीक है जिसमें हम किसी परिस्थिति को नए दृष्टिकोण से देखते हैं, जिससे हमारी भावनात्मक प्रतिक्रिया बदलती है। उदाहरण के लिए, यदि कोई सहकर्मी आपकी आलोचना करता है, तो इसे व्यक्तिगत आघात मानने के बजाय, इसे सुधार के अवसर के रूप में देखना 'कॉग्निटिव रीफ्रेमिंग' है। यह प्रक्रिया 'ऋतुचित्त' के विकास में सहायक होती है, जहां हम प्रत्येक परिस्थिति को एक नए अनुभव के रूप में स्वीकारते हैं।ऋतुचित्त का अभ्यास जीवन में एक अद्वितीय शक्ति लाता है। सोचिए- सोशल मीडिया पर कितनी बार हम दूसरों के कमेंट्स या लाइक्स से अपनी मानसिक स्थिति को प्रभावित होते हैं। कभी हम खुश होते हैं, कभी निराश। कभी कुछ लोग हमारी तारीफ करते हैं, तो कभी कोई आलोचना करता है। लेकिन जब हमारे भीतर एक स्थिर चित्त होता है, तो न तारीफ से हमारा अहंकार बढ़ता है, न आलोचना से हमारा आत्मविश्वास टूटता है। हम अपने वास्तविक स्वभाव में रहते हैं, जो न तो दूसरों की स्वीकृति से प्रभावित होता है, न ही अस्वीकृति से। श्रीमद्भगवद्गीता के सातवें अध्याय में भगवान श्रीकृष्ण ने कहा है बहूनां जन्मनामन्ते ज्ञानवान्मां प्रपद्यते। वासुदेवः सर्वमिति स महात्मा सुदुर्लभः? (गीता 7.19) अर्थात, जब कोई व्यक्ति जीवन के कई जन्मों के बाद ज्ञान प्राप्त करता है, तो वह यह समझ पाता है कि अंततः सब कुछ परमात्मा है। यही ज्ञान उसे अपनी असल पहचान तक पहुंचाता है, जिससे वह इस जीवन के हर परिवर्तन और ऋतु से मुक्त हो जाता है। यह ज्ञान उसे यह समझने में मदद करता है कि हर ऋतु, चाहे वह सुख हो या दुख, केवल समय का एक हिस्सा है। जैसे गर्मी के मौसम में हम पंखा या एसी का उपयोग करते हैं, वैसे ही जीवन की कठिन परिस्थितियों में हमें अपनी आंतरिक शांति का सहारा लेना होता है। वह शांति जो न मौसम से प्रभावित होती है, न किसी और से। यही ऋतुचित्त का सच्चा अभ्यास है। यह केवल एक मानसिक प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह जीवन के हर क्षेत्र में शांति और समृद्धि का द्वार खोलता है। हमारे मन का स्थिरता की ओर बढ़ना कोई आसान काम नहीं है, परंतु यह पूरी तरह से संभव है। मन में कभी न कभी उथल-पुथल होगी, परंतु जैसे नदी के गहरे पानी में मछली की गति बिना किसी रुकावट के रहती है, वैसे ही हम भी अपनी गहरी शांति में रहते हुए उथल-पुथल का सामना कर सकते हैं। जब हम यह समझ जाते हैं कि जीवन में जो कुछ भी हो रहा है, वह एक अस्थायी स्थिति है, तो हम खुद को उसके साथ जोड़ने की बजाय उससे बाहर खड़ा हो पाते हैं जब हम अपने मन के उतार-चढ़ाव को स्वीकार करते हैं, तो हम उन्हें नियंत्रित कर सकते हैं। अगर हम हर भावनात्मक प्रतिक्रिया को अपनी पहचान बनाने देते हैं, तो हम उस भावना के गुलाम बन जाते हैं। लेकिन अगर हम उसे एक अस्थायी स्थिति के रूप में देखते हैं, तो हम उससे मुक्त हो सकते हैं। यही है मानसिक स्थिरता की कुंजी। हम अपने जीवन के हर पहलू में जल्दी परिणाम चाहते हैं- कभी अपनी नौकरी, कभी रिश्तों, कभी व्यक्तित्व के मामले में। लेकिन क्या हम यह समझते हैं कि हर चीज़ का एक समय होता है, और समय के साथ जीवन के ऋतु भी बदलते रहते हैं? एक व्यक्ति जो जीवन में मेहनत करता है और अपनी आंतरिक शांति को बनाए रखता है, वह किसी भी बाहरी बदलाव से प्रभावित नहीं होता। उसका चित्त हमेशा स्थिर रहता है। ऋतुचित्त का अभ्यास करने के लिए हमें पहले अपने भीतर की आवाज़ को सुनना सीखना होगा। जब हम अपने अंदर की स्थिति से वाकिफ होते हैं, तो हम बेहतर तरीके से बाहरी दुनिया से जुड़ सकते हैं। अपने चित्त को स्थिर करने के लिए हमें पहले अपनी भावनाओं और विचारों का निरीक्षण करना होगा। जब हम यह जानते हैं कि हर परिस्थिति अस्थायी है, तो हम उसे स्वीकार कर सकते हैं और शांति पा सकते हैं। जब हमारे मन की स्थिरता कायम रहती है, तब हम किसी भी जीवन की परिस्थिति से ना तो डरते हैं, और ना ही उसे भागने का रास्ता तलाशते हैं। हम उसे पूरी तरह से स्वीकारते हैं और उसी में अपने सर्वोत्तम प्रयासों को डालते हैं। ऋतुचित्त का अभ्यास करना हमें सिखाता है कि जीवन के उतार-चढ़ाव हमारे नियंत्रण से बाहर हैं, लेकिन हमारी प्रतिक्रिया उन्हें नियंत्रित करने में हमारी शक्ति है।

# भाषा पर विभाजनकारी राजनीति, राजकीय भाषा हिंदी का विरोध गलत

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने एक बार फिर परिसीमन का अपना पुराना राग छेड़ा। इस मुद्दे को उछालने के साथ वह केंद्र सरकार पर यह आरोप भी लगाते चले आ रहे हैं कि वह तमिलनाडु पर हिंदी थोपना चाहती है। उन्होंने परिसीमन और भाषा को आधार बनाकर दक्षिण के राज्यों को गोलबंद कर एक नई राजनीति की शुरुआत की है। उन्होंने त्रिभाषा लागू करने को लेकर 'अंधराष्ट्रवाद' जैसे शब्द का उपयोग किया है। हजारों वर्षों की इस राष्ट्र की संकल्पना और महान दार्शनिक आदि गुरु शंकराचार्य के राष्ट्र की अवधारणा को "अंधराष्ट्रवाद" की संज्ञा देना ठीक नहीं है। उन्हें भारत और पश्चिम की राष्ट्र की अवधारणा के अंतर को समझना होगा। भारत राष्ट्र का आधार राजनीतिक नहीं, सांस्कृतिक है। 1947 में देश का विभाजन पंथ को राष्ट्रीयता का दर्जा देकर किया गया, जो भविष्य में गलत साबित हुआ पाकिस्तान से अलग होकर बांग्लादेश बना। पूर्वी पाकिस्तान में रहने वाले बांग्लाभाषी लोगों को लगा कि उनकी अपनी मातृभाषा बांग्ला खतरे में है। अतः उन्होंने खुद को पाकिस्तान से अलग कर लिया। जिस तरह पंथ राष्ट्र नहीं, उसी तरह भाषा भी राष्ट्र नहीं है। पंथ-भाषा-क्षेत्र और जाति की भावनाएं भड़का कर अलगाव की राजनीति का इतिहास पुराना है, जिससे सावधान रहने की आवश्यकता है। भारत विविधताओं वाला देश है। विविधता में एकता देश की विशेषता है। देश की विविधता का सम्मान होता रहा है। हमारा देश भाषा के साथ ही साथ भाव से भी जुड़ा है। चूंकि इस्लाम-ईसाइयत और वामपंथ आयातित हैं, अतः भारत को भारत की नजर से देखना होगा। यहां कोस-कोस पर पानी, चार कोस पर वाणी बदल जाती है। चूंकि भारत का इतिहास बाहरी आक्रमण का गवाह है, अतः देश के संविधान निर्माताओं ने विविधता को ध्यान में रखकर भाषा नीति बनाई, ताकि राष्ट्र की एकता और अखंडता पर फिर से कोई संकट न आ पाए। संविधान के भाग 17, अध्याय-एक के अनुच्छेद 343 में संघ की राजभाषा हिंदी और लिपि देवनागरी स्वीकार की गई है संविधान के प्रारंभ से 15 वर्ष तक शासकीय प्रयोजनों के लिए अंग्रेजी भाषा के प्रयोग की बात कह गई थी। इसी भाग के अध्याय-दो के अनुच्छेद 350 में प्राथमिक स्तर पर मातृभाषा में शिक्षा देने की बात है। राज्यों में शासन-प्रशासन-समाज के बीच समन्वय और संवाद बनाने के लिए 1956 में राज्यों का पुनर्गठन भाषा के आधार पर किया गया। चूंकि मातृभाषा में शिक्षा तथा संघ



की राजभाषा हिंदी और शासकीय प्रयोजनों के लिए अंग्रेजी के प्रयोग की बात थी, अतः अंग्रेजी-हिंदी और मातृभाषा यानी त्रिभाषा फार्मूला लागू किया गया। दक्षिण भारतीय राज्यों को भाषाई पहचान का कोई खतरा नहीं है। वह तो कुछ देश विरोधी ताकतें हैं, जो विविधता में एकता जैसी भारत की पहचान को खतरा बताकर 'यूनिटी इन डाइवर्सिटी इज ए थ्रेट टू आवर आइडेंटिटी' जैसे नकरात्मक अभियान चलाते रहे हैं। 1961 में तमिलनाडु की जनसंख्या 3,36,86,953 थी, जिसमें मातृभाषा तमिल लिखवाने वाले 2,80,11,099 यानी 83.15 प्रतिशत थे। तमिल को सहायक या अनुषंगी भाषा लिखवाने वालों की संख्या 15,87,552 थी। द्विभाषिक में अपनी भाषा अंग्रेजी बताने वालों की संख्या 10,76,467 थी। 2011 में तमिलनाडु की जनसंख्या 7,21,47,039 थी, जिसमें मातृभाषा तमिल बताने वालों की संख्या 6,37,53,997 यानी बढ़कर 88.36 प्रतिशत हो गई। समय के साथ भारतीय प्रशासनिक और अन्य अखिल भारतीय सेवाओं में चयनित तमिल बंधु दूसरे राज्यों विशेषकर हिंदी भाषी राज्यों में जाने पर हिंदी के महत्व को समझने लगे। लिहाजा तमिलनाडु में हिंदी पढ़ने वालों की संख्या बढ़ने लगी। 2001 में अनुषंगी भाषा के रूप में हिंदी पढ़ने वालों की संख्या 3,93,380 थी, जो 2011 में बढ़कर 4,46,806 हो गई। दक्षिण के चारों राज्यों की मातृभाषा-तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम है। राज्य में इन्हें बोलने वालों की संख्या 1961 में 3,25,67,095 यानी 96.67 प्रतिशत थी, जो 2011 में बढ़कर 7,00,00,570 यानी 97.02 प्रतिशत हो गई। साफ है तमिलनाडु में न तो मातृभाषा तमिल को कोई खतरा है और न ही शेष दक्षिणी राज्यों की अन्य मातृभाषाओं को। विदेशी भाषा अंग्रेजी पर मौन और भारत की राजकीय भाषा हिंदी और देवनागरी का विरोध मुख्यमंत्री स्टालिन पर ही प्रश्न खड़ा करता है। लगता है राजनीतिक कारणों से तमिलनाडु के मुख्यमंत्री परिसीमन संग भाषा का भावनात्मक पक्ष आगे रखकर दक्षिण के राज्यों के नेता बनकर उभरना चाहते हैं, पर उन्हें यह भी बताना होगा कि उनके राज्य में तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम बोलने वालों की संख्या क्यों घट रही है?यहां विशेष रूप से तेलुगु का उल्लेख करना आवश्यक है। 1961 में तमिलनाडु में अपनी मातृभाषा तेलुगु लिखवाने वालों की संख्या कुल जनसंख्या का 9.98 प्रतिशत था, जो 2011 में घटकर 5.86 प्रतिशत रह गई। आंध्र प्रदेश के लोग रोजगार के लिए दूसरे राज्य में गए। अतः 1961 से 2011 के बीच तेलुगुभाषी की संख्या उस राज्य में 2.41 प्रतिशत कम हुई। शेष दक्षिण के राज्यों यथा तमिलनाडु, कर्नाटक और केरल में मातृभाषा वालों की संख्या बढ़ी है, कम नहीं हुई है। इसलिए भाषा के आधार पर विभाजनकारी राजनीति बंद होनी चाहिए जहां तक परिसीमन की बात है, यह एक राजनीतिक विषय है, जिस पर प्रधानमंत्री और गृहमंत्री का जवाब आ गया है कि इससे किसी राज्य का अहित नहीं होगा। परिसीमन आयोग गठित होने पर उसकी विषय वस्तु पर चर्चा होगी, पर भाषा विशेषकर मातृभाषा का विषय भावनात्मक है। इसके साथ राजनीति का घालमेल बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण और दुखदायी होगा।

# सार्क जैसा न बनने पाए बिम्सटेक, राजनयिक बैठकों और घोषणाओं पर निर्भर नहीं रह सकता

पिछली सदी के अंतिम दशक में स्थापित वैश्विक आर्थिक व्यवस्था, जिसने व्यापार और बहुपक्षीय संगठनों के माध्यम से शांति और स्थिरता बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई थी, अब तेजी से बदल रही है। एक ओर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा नए टैरिफ की घोषणा के चलते वैश्विक बाजारों में हलचल मची है तो दूसरी ओर अमेरिका को चुनौती देने के लिए तैयार चीन अपने आक्रामक रवैये से हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए विभिन्न आर्थिक और सामरिक नीतियां अपना रहा है। ऐसे में बंगाल की खाड़ी बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग पहल यानी बिम्सटेक देशों के लिए यह आवश्यक हो जाता है कि वे न केवल आर्थिक सहयोग को मजबूत करें, बल्कि क्षेत्रीय स्थिरता बनाए रखने के लिए सुरक्षा रणनीतियों पर भी ध्यान दें, क्योंकि नए भू-राजनीतिक एवं आर्थिक परिदृश्य में बंगाल की खाड़ी के क्षेत्र का इन सभी परिवर्तनों से प्रभावित होना तय है। तमाम बाहरी चुनौतियों के अलावा इस समय बिम्सटेक देशों में आंतरिक उथल-पुथल मची हुई है। म्यांमार और थाइलैंड में भूकंप ने जान-माल को भारी क्षति पहुंचाई तो बांग्लादेश राजनीतिक अस्थिरता का सामना कर रहा है। इन चुनौतियों के बीच बांग्लादेश भारत से बैर रखने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस की हालिया चीन यात्रा के दौरान पूर्वोत्तर भारत को लेकर की गई अप्रिय टिप्पणी ने भारत-बांग्लादेश संबंधों में तनाव बढ़ा दिया। इस तनाव का प्रभाव छठे बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में भी स्पष्ट दिखा। भारत, बांग्लादेश, नेपाल, भूटान, श्रीलंका, थाइलैंड एवं म्यांमार बिम्सटेक के सदस्य हैं। जब दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन यानी सार्क भारत-पाकिस्तान तनाव के चलते लगभग निष्क्रिय हो चुका है, तब सार्क के पांच सदस्य देशों का बिम्सटेक के मंच पर साथ आना नए अवसरों का संकेत है। हालांकि ऐसी भौगोलिक संरचना में जहां भारत केंद्र में हो और बांग्लादेश एवं नेपाल जैसे देश भारत विरोधी रवैया अपनाते रहे हों, क्या वहां बिम्सटेक वास्तव में क्षेत्रीय प्रगति, जुड़ाव और आर्थिक एकीकरण को गति दे सकता है? बिम्सटेक की उपयोगिता और भारत की प्रतिबद्धता को लेकर विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि बंगाल की खाड़ी से जुड़े देशों को ऐतिहासिक मतभेद पीछे छोड़कर नई संभावनाओं की ओर बढ़ना होगा, क्योंकि यह क्षेत्र भू-राजनीतिक, आर्थिक और सामरिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण है और यहां उपजा कोई संकट पूरे हिंद-प्रशांत क्षेत्र को प्रभावित करेगा। इसलिए, बिम्सटेक देशों को क्षेत्रीय सहयोग और सामूहिक समाधान की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। चूंकि बिम्सटेक के कई देश आंतरिक रूप से भी विभिन्न चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, इसलिए क्षेत्रीय एकजुटता उनके लिए और अपरिहार्य हो जाती है। इन्हीं चुनौतियों के बीच थाइलैंड में आयोजित बिम्सटेक शिखर सम्मेलन के दौरान पीएम मोदी की ओर से पेश 21 सूत्रीय कार्ययोजना को अपनाने पर सहमति बनी। इसमें प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण, ऊर्जा और युवा कौशल विकास, संपर्क और सांस्कृतिक आदान-प्रदान, सुरक्षा और अंतरिक्ष सहयोग, आपदा प्रबंधन, व्यापार, डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना को मजबूत करना शामिल है। यह कार्ययोजना सदस्य देशों के समक्ष वर्तमान और भविष्य की चुनौतियों के प्रति एक मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस शिखर सम्मेलन का मुख्य आकर्षण बैंकाक विजन 2030 रहा, जो आर्थिक एकीकरण, संपर्क और मानव सुरक्षा को मजबूत करने पर केंद्रित है। इसके अलावा 'प्रो-बिम्सटेक' की पहल भी है, जो बिम्सटेक को समृद्ध, सशक्त और खुला क्षेत्र बनाने की रणनीति प्रस्तुत करती है। एक अन्य महत्वपूर्ण निर्णय के तहत भारत में सतत समुद्री परिवहन केंद्र की स्थापना की घोषणा की गई। इस सबके बाद भी इसकी अनदेखी नहीं कर सकते कि इस समूह में विश्वास की कमी के चलते बिम्सटेक चार्टर को अपनाने में देरी हुई है। यह क्षेत्र आर्थिक रूप से सबसे कम जुड़ाव वाला रहा है। सदस्य देशों के बीच क्षेत्रीय व्यापार का महज छह प्रतिशत होना इसका एक प्रमाण है। मुक्त व्यापार संबंधी समझौता भी बातचीत के दौर में ही अटका हुआ है। बिम्सटेक अपनी सफलता के लिए केवल राजनयिक बैठकों और घोषणाओं पर निर्भर नहीं रह सकता। इस समूह को आपसी विश्वास को मजबूत करने पर ध्यान देना होगा। इसमें भारत की भूमिका अहम होगी। राजनीतिक मतभेदों को कूटनीतिक संवाद के माध्यम से सुलझाने में नेतृत्व प्रदान करने के दृष्टिकोण से भारत और भी अहम हो जाता है। इस कवायद में छोटे सदस्य देशों को आश्वस्त करना होगा कि आपसी संपर्क, व्यापार और निवेश से सभी को समान लाभ मिलेगा। इसके लिए संस्थागत ढांचे को मजबूत करना और वित्तीय सहयोग बढ़ाना आवश्यक है। वैश्विक आर्थिक अस्थिरता के बीच बिम्सटेक के भीतर व्यापारिक संबंधों को बनाए रखने में भारत अग्रणी भूमिका निभा सकता है। अगर भारत अपनी क्षमताओं का सही उपयोग करे तो बिम्सटेक सार्क जैसा निष्क्रिय समूह बनने के बजाय प्रभावशाली क्षेत्रीय सहयोग का आधार बन सकता है। भारत को अपनी क्षमता और शक्ति अनुसार प्रयासों को आगे लेकर जाना होगा ताकि बिम्सटेक का हश्र सार्क जैसा न हो।



# विश्व में पहुंचेगा बिहार का मखाना, किसानों को सशक्त बनाने और बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर

मखाना बिहार और खासकर मिथिला का एक महत्वपूर्ण कृषि उत्पाद है। दुनिया के कुल मखाना उत्पादन का 80 से 85 प्रतिशत मिथिला में होता है। पिछले एक दशक में बेहतर बीज और राज्य सरकार का सहयोग मिलने से मखाना की खेती में व्यापक बदलाव हुआ है। इससे मखाना की खेती का दायरा बढ़ कर 35 हजार हेक्टेयर से अधिक हो गया है। उत्पादन भी दोगुने से अधिक बढ़कर 56 हजार टन के पार हो गया है। अब मखाना बोर्ड के गठन की घोषणा मखाना को दुनियाभर में पहुंचाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इससे मखाना की देश-दुनिया में बेहतर ब्रांडिंग होगी, नई तकनीक के उपयोग से उत्पादन बढ़ेगा, मखाना की खेती करने वाले किसानों का जीवन स्तर सुधरेगा और बिहार की जीडीपी में वृद्धि होगी। मखाना बोर्ड किसानों को आधुनिक तकनीकों के प्रशिक्षण के साथ-साथ जरूरी संसाधन और वित्तीय सहायता उपलब्ध कराएगा, ताकि वे आधुनिक तरीके से मखाना की खेती करने में सक्षम हो सकें। मखाना मिथिला की सामाजिक एवं सांस्कृतिक पहचान का अभिन्न हिस्सा रहा है। इसका उपयोग अब धार्मिक अनुष्ठानों और पर्व-त्योहारों तक सीमित नहीं है। अपने औषधीय गुणों, पोषण संबंधी खूबियों और व्यावसायिक क्षमता के कारण मखाना देश से बाहर भी अपनी सशक्त पहचान बना रहा है। इसे 'मिथिला मखाना' नाम से जीआई टैग मिलने से मिथिला की यह पहचान और समृद्ध हुई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का शुरू से यह सपना और प्रयास रहा है कि बिहार का कोई-न-कोई व्यंजन दुनियाभर में पहुंचे। अभी हाल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा मखाना को मारीशस के राष्ट्रपति को भेंट करना इसकी बढ़ती महता को दर्शाता है। आज बिहार सरकार द्वारा शुरू की गई 'मखाना विकास योजना' के तहत मखाना के उच्च प्रजाति के बीज को अपनाने पर किसानों को लागत मूल्य का 75 प्रतिशत (अधिकतम 72,750 रुपये प्रति हेक्टेयर) सहायता अनुदान दिया जाता है। उच्च प्रजाति के बीजों से मखाना की उत्पादकता 16 क्विंटल से बढ़ा कर 28 क्विंटल प्रति हेक्टेयर तक हो गई है। ये बीज मखाना अनुसंधान केंद्र दरभंगा और भोला पासवान शास्त्री कृषि महाविद्यालय पूर्णिया में तैयार किए जा रहे हैं।बिहार सरकार किसान उत्पादक संगठनों को किसानों को प्रशिक्षण देने, बाजार संसाधनों तक उनकी पहुंच बढ़ाने और सरकारी सहायता उपलब्ध कराने के लिए भी प्रोत्साहित कर रही है। मिथिला के बहुत से मखाना उत्पादक किसानों ने प्रशिक्षण प्राप्त कर एक नई शुरुआत की है। अटल जी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार में मंत्री रहते हुए नीतीश कुमार जी ने ही 2002 में राष्ट्रीय मखाना अनुसंधान केंद्र, दरभंगा की स्थापना करवाई थी। इस केंद्र का उद्देश्य नए बीज का अनुसंधान कर मखाना का उत्पादन बढ़ाना है।हालांकि बाद की केंद्र सरकार द्वारा इस संस्थान का राष्ट्रीय दर्जा हटा दिया गया था, जिससे इसे फंड मिलना बंद हो गया। केंद्र की एनडीए सरकार ने इसे फिर से राष्ट्रीय दर्जा दिया है। एनडीए सरकार के समर्थन के कारण अब मखाना का कई देशों में निर्यात होने लगा है। प्रधानमंत्री मोदी जी ने भी कहा है, 'बिहार का मखाना अब वैश्विक ब्रांड बनने की ओर अग्रसर है।' इससे पहले गत वर्ष अपने मिथिला दौरे के दौरान केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मखाना उद्योग की संभावनाओं को करीब से जाना था।अपने बजट भाषण में उन्होंने स्पष्ट कहा कि 'मखाना बोर्ड' के गठन का उद्देश्य मखाना उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन और विपणन में सुधार लाना है। अनुसंधान और विकास के माध्यम से मखाना बोर्ड उच्च उत्पादकता वाली मखाना किस्मों को विकसित करने में सहयोग करेगा, कृषि पद्धतियों में सुधार के लिए नई तकनीक के उपयोग को बढ़ावा देगा, उत्पादकता बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाएगा और देश-दुनिया में ब्रांडिंग के जरिये बिक्री बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।मखाना बोर्ड वैश्विक बाजार तक मखाना की पहुंच बढ़ाने के साथ-साथ किसानों को सशक्त बनाने, रोजगार के अवसर पैदा करने, निर्यात को बढ़ावा देने के साथ बिहार की समग्र आर्थिक प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान देगा। मखाना बोर्ड यह सुनिश्चित करेगा कि किसानों को आवश्यक उपकरण, तकनीक और प्रशिक्षण की सुविधा मिले।यह व्यापक दृष्टिकोण परंपरागत श्रम-गहन विधियों और अधिक कुशल आधुनिक कृषि प्रथाओं के बीच की खाई को कम करेगा, जिससे मखाना की उत्पादकता के साथ-साथ लाभप्रदता में भी वृद्धि होगी। मखाना बोर्ड बिहार में ही स्थापित होने वाले नेशनल इंस्टिट्यूट आफ फूड टेक्नोलाजी के साथ मिलकर मखाना प्रसंस्करण गतिविधियों को बढ़ावा देगा। इस तरह मखाना बोर्ड का गठन होने से मिथिला के इस सुपरफूड की वैश्विक बाजारों में पहुंच तेजी से बढ़ेगी और किसानों एवं निर्यातकों के लिए नए अवसर पैदा होंगे। दरभंगा एयरपोर्ट और आगामी पूर्णिया एयरपोर्ट के माध्यम से मखाना को दुनियाभर में पहुंचाने में सुविधा होगी। इससे उत्तर बिहार में लाखों की संख्या में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। कुल मिलाकर मखाना बोर्ड का गठन बिहार के लिए एक अहम बदलाव साबित होगा। अगर मखाना की प्रोसेसिंग एवं पैकेजिंग के क्षेत्र में बड़ी कंपनियां मिथिला आकर निवेश करें, मखाना के विभिन्न उत्पादों को मार्केट से लिंक किया जाए और उसकी बेहतर ब्रांडिंग एवं मार्केटिंग हो, तो बड़ी संख्या में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और मिथिला से पलायन को रोकने में मदद मिलेगी। निश्चित रूप से मखाना मिथिला और बिहार की आने वाली पीढ़ियों के लिए उद्यमिता और रोजगार का एक स्थायी एवं समृद्ध साधन बनेगा।



# श्रीराम कथा में शिव पार्वती विवाह का सुंदर प्रसंग सुनाया

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नोएडा।** सेक्टर 82 के पॉकेट 7 में आयोजित श्रीराम कथा के दूसरे दिन कथा व्यास महामंडलेश्वर स्वामी पंचमानंद जी महाराज ने शिव पार्वती विवाह का रोचक वर्णन किया। हिमालय राज की कन्या पार्वती बड़ी होने लगती हैं। पार्वती ने मन में प्रण लिया की वह शिव को पति के रूप में प्राप्त करेंगी। देवता भी शिव जी को मनाते हैं कि वह पार्वती से विवाह कर लें लेकिन शिव जी इसके लिए तैयार नहीं हुए। माता पार्वती शिव जी को प्राप्त करने के लिए कठिन तपस्या करती हैं। भगवान शिव प्रसन्न हो विवाह के लिए तैयार हो जाते हैं। देवताओं , भूत ,पिशाचों को लेकर तन में भस्म लगाए शिव बारात लेकर हिमालयराज के यहां पहुंचते हैं।माता मैना दूल्हे का भेष देखकर डर जाती हैं और पार्वती का विवाह करने से मना कर देती हैं ।सभी ने समझाया कि शिव जी कोई साधरण नहीं हैं वह तो देवों के देव हैं। मां पार्वती और भगवान शिव का विवाह होता है और देवता पुष्पों की वर्षा करते हैं । उन्होंने बताया कि शिव जी पर विल्वपत्र अर्पित करने से भगवान शीघ्र प्रसन्न हो जाते हैं।आरडब्ल्यूए अध्यक्ष राघवेंद्र दुबे ने बताया कि श्रीराम कथा नित्य 4 बजे से 8 बजे तक हो रही है। 8 अप्रैल को नारद मोह की कथा एवं भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इस अवसर पर देवमणि शुक्ल , रवि राघव , गोरे लाल, संजय पांडेय, हरि शंकर सिंह, रमेश चंद्र शर्मा, रमेश दास, बहादुर चौहान, हंसमणि शुक्ल , विश्वनाथ त्रिपाठी, गौरव , पप्पू सिंह, देवेंद्र गुप्ता, उमाकांत त्रिपाठी, रमेश वर्मा, सिया राम , अंगद सिंह तोमर, दीपक तिवारी, प्रकाश जोशी, गिरिराज, राम भजन सिंह, विट्ठू कुमार मिश्र, सर्वेश कुमार तिवारी, संजय शुक्ला, मुक्तेश भारद्वाज, संगम प्रसाद मिश्र, सत्येन्द्र प्रताप सिंह, जितेंद्र सतपति, उपेंद्र सिंह, अनिल कुमार चौधरी सहित तमाम सेक्टरवासी भक्त मौजूद रहे।



# पुणे की कोर्ट में राहुल गांधी की याचिका स्वीकार, सुनवाई को 'समन ट्रायल' में बदलने की थी मांग

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** पुणे की अदालत ने राहुल गांधी की याचिका मंजूर की, जिसमें उन्होंने सावरकर पर टिप्पणी को लेकर चल रहे मानहानि मामले में 'समरी ट्रायल' को 'समन ट्रायल' में बदलने की मांग की थी, ताकि ऐतिहासिक तथ्यों पर बहस हो सके। कोर्ट ने कहा कि इस मामले में विस्तृत साक्ष्य पेश करने की जरूरत है। पुणे की एक अदालत ने सोमवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की याचिका मंजूर कर ली। उन्होंने विनायक दामोदर सावरकर पर टिप्पणी को लेकर चल रहे मानहानि मामले में 'समरी ट्रायल' को 'समन ट्रायल' में बदलने की मांग की थी, ताकि इस मामले के ऐतिहासिक तथ्यों और साक्ष्यों पर बहस की जा सके। याचिका राहुल गांधी के वकील मिलिंद पवार की ओर से दायर की गई थी। विशेष अदालत के न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी) अमोल शिंदे ने याचिका को स्वीकार किया। कोर्ट ने आदेश में कहा, मामला प्रथम दृष्टया समन केस की श्रेणी में आता है। इसने आगे कहा, इस मामले में आरोपी (राहुल गांधी) तथ्यों और कानून के सवाल उठा रहा है, जो जटिल प्रकृति के हैं। आरोपी ने कुछ ऐसे मुद्दे भी उठाए हैं, जिन्हें ऐथिहासिक तथ्यों पर निर्धारित किया जाएगा। मेरे विचार में इस मामले की सुनवाई समरी ट्रायल के रूप में करना उचित नहीं है, क्योंकि समरी ट्रायल में विस्तृत साक्ष्य पेश नहीं किए जाते हैं और जिरह नहीं की जाती है। जज ने कहा, समन ट्रायल में आरोपी को विस्तृत साक्ष्य पेश करने होंगे और शिकायतकर्ता के गवाहों से जिरह करनी होगी। न्याय के हित में यह जरूरी है कि मामले की सुनवाई समन ट्रायल के रूप में की जाए। यदि वर्तमान मामले की सुनवाई समन ट्रायल के रूप में की जाती है, तो किसी भी पक्ष को कोई नुकसान नहीं होगा।
सत्यकी सावरकर ने पुणे की कोर्ट में राहुल गांधी के खिलाफ एक शिकायत दायर की थी। शिकायत में कहा गया था कि कांग्रेस नेता ने मार्च 2023 में लंदन में एक भाषण के दौरान यह कहा था कि हिंदुत्व विचार सावरकर ने अपनी किताब में लिखा था कि उन्होंने और उनके पांच-छह दोस्तों ने एक मुस्लिम व्यक्ति की पिटाई की थी और उन्हें इस पर खुशी हुई। शिकायतकर्ता के अनुसार, ऐसी कोई घटना कभी नहीं घटी और न ही सावरकर ने इस बारे में कुछ लिखा था। सत्यकी, वीडी सावरकर के भतीजे हैं।



# जयशंकर ने अमेरिकी समकक्ष से की फोन पर बात, ट्रंप के टैरिफ एलान के बाद पहली उच्च स्तरीय वार्ता

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो से फोन पर बातचीत की। दोनों नेता भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते को जल्द पूरा करने पर सहमत हुए। उन्होंने हिंद-प्रशांत, भारतीय उपमहाद्वीप, यूरोप, पश्चिम एशिया और कैरेबियाई देशों के मुद्दों पर अपने विचारों का आदान-प्रदान किया। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो से फोन पर बातचीत की। यह उच्च-स्तरीय वार्ता राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से जवाबी टैरिफ के एलान के बाद पहली बार हुई है। जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर बातचीत के बारे में जानकारी दी। जयशंकर ने एक्स पर बताया कि इस बातचीत में भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते को जल्द पूरा करने पर सहमति बनी। विदेश मंत्री ने यह भी कहा कि उन्होंने और रूबियो ने हिंद-प्रशांत, भारतीय उप महाद्वीप, यूरोप, पश्चिम एशिया और कैरेबियाई देशों के मुद्दों पर अपने दृष्टिकोण का आदान-प्रदान किया। उन्होंने कहा, आज विदेश मंत्री रूबियो से बात करके अच्छा लगा। हमने हिंद-प्रशांत, भारतीय उपमहाद्वीप, यूरोप, पश्चिम एशिया और कैरेबियाई देशों पर अपने विचारों का आदान-प्रदान किया। हम दोनों इस बात पर सहमत हुए कि द्विपक्षीय व्यापार समझौते को जल्द पूरा करना जरूरी है। आगे भी संपर्क में रहने को लेकर सहमत हुए। भारत और अमेरिका वर्तमान में द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप के बीच फरवरी में वाशिंगटन में हुई बैठक के बाद दोनों पक्षों ने 2025 के शरद ऋतु तक पहले चरण के व्यापार समझौते पर बातचीत करने का फैसला लिया था। पिछले महीने अमेरिकी सहायक व्यापार प्रतिनिधि ब्रेंडन लिंच ने भारत का दौरा किया और भारतीय अधिकारियों के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते को मजबूत करने पर चर्चा की थी।राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी 'अमेरिका फर्स्ट' नीति के तहत उन देशों और साझेदारों पर जवाबी टैरिफ लगाने का एलान किया है, जो अमेरिका से आयातित सामान पर उच्च शुल्क लगाते हैं। ट्रंप प्रशासन का मकसद व्यापार घाटे को कम करना और निर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देना है।भारत पर अमेरिका ने 26 फीसदी टैरिफ लगाया है, जो पहले से लागू शुल्क के ऊपर होगा। अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि भारत अमेरिकी सामानों पर अधिक टैरिफ लगाता है और इसलिए यह शुल्क लगाया गया है।



# पीयूष गोयल बोले-यूएस पर हमारा प्रभावी टैरिफ सिर्फ 7-8%, दुनिया में अफरा-तफरी के लिए चीन जिम्मेदार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत का अमेरिका पर प्रभावी टैरिफ सिर्फ 7-8 फीसदी है, जो अधिक नहीं है। उन्होंने चीन की खराब व्यापार नीतियों को वैश्विक व्यापार में अफरा-तफरी के लिए जिम्मेदार ठहराया और कहा कि भारत निष्पक्ष व्यापार नीतियां अपनाने वाले देशों के साथ द्विपक्षीय समझौते कर सकता है। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि अमेरिका पर भारत का प्रभावी टैरिफ बमुश्किल 7 से 8 फीसदी है जो कि बहुत अधिक नहीं कहा जा सकता। अमेरिका के साथ चल रहे व्यापार समझौता वार्ता के बारे में कोई जानकारी देने से इनकार करते हुए गोयल ने कहा, भारत को भरोसा है कि वह उन देशों के साथ द्विपक्षीय कारोबार समझौते कर सकता है जो निष्पक्ष व्यापार नीतियां अपनाते हैं।वाणिज्य मंत्री ने दुनिया के व्यापार जगत में अभी मची अफरातफरी के लिए चीन की गलत कारोबारी नीतियों को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने यह भी कहा कि चीनी इलेक्ट्रिक कार निर्माता बीवाईडी को वर्तमान में भारत में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा। गोयल ने कहा, हम वैश्विकरण समाप्त होने के युग में नहीं बल्कि यह पुनर्वैश्विकरण का दौर है। ऐसे में साफ-सुथरी कारोबारी नीतियां रखने वाले देश यदि एक साथ आते हैं तो यह भारत के लिए बेहतर अवसर पैदा करेगा।अमेरिकी टैरिफ के बारे में गोयल ने स्पष्ट किया कि भारत की ओर से लगाया जाने वाला शुल्क खराब कारोबार के खिलाफ संरक्षण और डंपिंग जैसी स्थितियों से अर्थव्यवस्था को बचाने का उपाय है। उन्होंने कहा, अमेरिका पर भारत का कुल टैरिफ करीब 17 फीसदी है लेकिन इसका एक बड़ा हिस्सा ऐसी चीजों का है जिनका भारत आयात ही नहीं करता। ऐसे में अमेरिका पर हमारा प्रभावी टैरिफ करीब 7 से 8 फीसदी बैठता है जो बहुत अधिक नहीं है यह पूछे जाने पर पीएम नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच इतने बेहतर संबंध होने के बावजूद अमेरिका ने भारत पर 26 फीसदी टैरिफ कैसे लगा दिया, गोयल ने कहा, इसका दुश्मनी या दोस्ती से कोई लेना-देना नहीं है। यह एक फार्मूला आधारित गणना है।मंत्री ने आश्चर्य जताया कि अमेरिका हाल ही में घोषित पारस्परिक टैरिफ को कैसे लागू कर पाएगा। उन्होंने कहा, हमने ऐसे प्रकरण देखे हैं, जिनमें अमेरिका में सामान भेजने के लिए कम टैरिफ वाले देश का इस्तेमाल किया गया। जैसा कि वियतनाम के मामले में हुआ था, जब ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में चीन पर उच्च टैरिफ लगाया था।



# श्री सालासर बालाजी महाराज की निकली भव्य शोभा यात्रा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** सुंदर कांड मे सनातन अमर है अमर रहेगा से गूंजा पंडाल। अनपरा सोनभद्र त्श्री सालासर बालाजी महाराज की ध्वज यात्रा (शोभा यात्रा) मंगलवार को अनपरा राम जानकी मंदिर से गाजे बाजे के साथ निकाली गई जिसमे सैकड़ो की संख्या मे उपस्थित महिला व पुरुष श्रद्धालुओं ने नाचते गाते कार्यक्रम स्थल मिनिस्ट्रीरियल क्लब पहुँच भव्य सुन्दर कांड पाठ मे सहभागिता किया ध्वज यात्रा का शुभारम्भ राम जानकी मंदिर मे प्रथम यजमान दीपक सिंह सपत्नी पूजा अर्चना कर किया त् ध्वज यात्रा की शोभा देखते ही बन रही थी त् श्रद्धालु हाथो मे झंडा लेकर डीजे की धून पर जमकर थिरक रहे थे त् जय श्रीराम के घोष से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा त् ध्वज यात्रा मे कोई गदा तो कोई त्रिशूल लेकर गगन भेदी नारे लगा रहे था त् शोभा यात्रा जैसे ही कार्यक्रम स्थल पर पहुंची भव्य तरीके से बनाये गए सालासर बालाजी के भव्य दरबार को देख जोश खरोश से भरे युवाओं ने बालाजी के जमकर जयकारे लगाए ततपश्चात सहभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा अपराह्न बृन्दावन से आये आचार्य प्रसिद्ध सुंदर कांड वाचक दुर्गेश नंदन मिश्र की टीम ने सुंदर कांड का पाठ कराया इससे पूर्व पूर्व जिला पंचायत सदस्य बाके सिंह ने सपत्नी पूजा अर्चना किया त् कार्यक्रम को सम्बोधित करते कथा वाचक दुर्गेश नंदन मिश्र ने कहा कि सनातन अमर है सदा ही अमर रहेगा सनातन धर्म पर बुरी नजर डालने वाले अपने कर्मो से अस्तित्व विहीन हो जायेंगे त् इस दौरान रास्ते मे भक्त जनो द्वारा जगह जगह जलपान कराया गया त् शाम को दूर दूर से आये भजन गायक कलाकारों द्वारा भजन संध्या कार्यक्रम शुरू किया गया जो देर रात्रि तक चलता रहा।



# भारत का एक और कीर्तिमान, जर्मनी को पछाड़कर पवन और सौर ऊर्जा का तीसरा सबसे बड़ा उत्पादक बना

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भारत में, स्वच्छ स्रोतों से 22 प्रतिशत ऊर्जा का उत्पादन हुआ। इसमें से जलविद्युत ऊर्जा ने सबसे अधिक 8 प्रतिशत का योगदान दिया, जबकि पवन और सौर ऊर्जा ने मिलकर 10 प्रतिशत का योगदान दिया। भारत ने एक और कीर्तिमान रच दिया है। दरअसल भारत, जर्मनी को पछाड़कर दुनिया की तीसरा सबसे बड़ा सौर और पवन ऊर्जा उत्पादक देश बन गया है। ग्लोबल एनर्जी थिंक टैंक एंबेर ग्लोबल इलेक्ट्रिसिटी रिव्यू के छठे संस्करण की रिपोर्ट हाल ही में प्रकाशित हुई है। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत ने साल 2024 में दुनिया के कुल सौर और पवन ऊर्जा उत्पादन का 15 प्रतिशत उत्पादन किया। रिपोर्ट में कहा गया है कि नवीकरणीय और परमाणु ऊर्जा सहित कम कार्बन वाले स्रोतों को मिलाकर साल 2024 में दुनिया की 40.9 प्रतिशत बिजली का उत्पादन हुआ। यह साल 1940 के बाद पहली बार हुआ, जब परमाणु ऊर्जा उत्पादन ने 40 प्रतिशत का आंकड़ा पार किया। भारत में, स्वच्छ स्रोतों से 22 प्रतिशत ऊर्जा का उत्पादन हुआ। इसमें से जलविद्युत ऊर्जा ने सबसे अधिक 8 प्रतिशत का योगदान दिया, जबकि पवन और सौर ऊर्जा ने मिलकर 10 प्रतिशत का योगदान दिया। वैश्विक स्तर पर, साल 2024 में रिकॉर्ड 858 टेरावाट घंटे (ऊंप्) स्वच्छ ऊर्जा का उत्पादन हुआ, जो कि साल 2022 में पिछले रिकॉर्ड से 49 प्रतिशत अधिक है।सौर ऊर्जा लगातार तीसरे वर्ष बिजली का सबसे बड़ा स्रोत रही, जिसने 2024 में 474 ऊंप् जोड़े। यह लगातार 20वें वर्ष सबसे तेजी से बढ़ने वाला बिजली स्रोत भी रहा। केवल तीन वर्षों में, वैश्विक सौर ऊर्जा उत्पादन दोगुना होकर कुल बिजली उत्पादन का 6.9 प्रतिशत हो गया। भारत में भी सौर ऊर्जा में तेजी से वृद्धि देखी गई। 2024 में सौर ऊर्जा ने देश की बिजली में 7 प्रतिशत का योगदान दिया और साल 2021 से उत्पादन बढ़कर दोगुना हो गया। भारत ने 2024 में भारत 24 गीगावाट (उें) सौर क्षमता जोड़ी, जो 2023 में जोड़े गए जोड़ से दोगुने से भी अधिक है। इससे चीन और अमेरिका के बाद भारत तीसरा सबसे बड़ा बाजार बन गया है।



# वेतन मानदेय में लापरवाही व वसूली पर किया विरोध प्रदर्शन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** कलेक्ट्रेट परिसर में मंगलवार को उत्तर प्रदेश आशा वर्कर यूनियन बैनर तले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगवा एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चतरा के आशा कर्मियों ने भुगतान में हेर फेर और अवैध वसूली का आरोप लगाते हुए संबंधितों के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन जिलाधिकारी नामित ज्ञापन संबंधित को देखकर बुलंद की आवाज। जिला अध्यक्ष जानकी देवी, उपाध्यक्ष मीरा देवी ,महामंत्री तारा देवी ने बताया कि जनपद सोनभद्र सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगवा एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चतरा में भुगतान में हो रहे लापरवाही के संदर्भ में आज ज्ञापन देकर मामले से अवगत कराया गया है वहीं बता दें कि आशा कर्मियों को पोलियो का भुगतान पीवी का भुगतान फाइलेरिया का भुगतान नसबंदी का भुगतान एवं जननी सुरक्षा का भुगतान मोबाइल रिचार्ज का भुगतान आशा कर्मियों को नहीं मिल रहा है क्लेम फॉर्म में कटौती की जा रही है अधीक्षक और वीसीपीएम से भुगतान को लेकर बात करने पर डांट फटकार व आशा से निकलने की धमकी मिलती है प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चतरा में राज्य बजट का भुगतान आशा बहनों का चार माह से नहीं हुआ है संचारी का भी भुगतान नहीं मिल सका है वही आशाओं को सीबैंक एन सीडी को पैसा नहीं मिलता है आशाओं ने बताया कि पिछले 2024 से 2025 तक का भुगतान एक हफ्ते में हो जाता है तो ठीक नहीं तो पुनः विवश हो कर आशा बहाने एक हफ्ते बाद धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होगी। इस मौके पर राधिका देवी, संगीता देवी ,इंद्रावती, राजेश्वरी, ललिता, कमलावती ,विमला, सीमा, प्रमिला, गीता, सुशीला सहित आदि लोग मौजूद रहे।



# एल-2 एम्पुरान के निर्माता गोकुलम गोपालन पर ईडी का शिकंजा, 22 अप्रैल को फिर से पूछताछ के लिए बुलाया

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने फिल्म निर्माता गोकुलम गोपालन सहित अन्य के खिलाफ चेन्नई और केरल में छापेमारी की थी। कार्रवाई शुक्रवार को कथित विदेशी मुद्रा उल्लंघन मामले में की गई थी। इसकी जद में केरल के व्यवसायी और कुछ अन्य के कार्यालय भी थे। मोहनलाल और पृथ्वीराज सुकुमारन की बहुचर्चित फिल्म 'एल 2 एम्पुरान' रिलीज के साथ ही अपने कुछ दृश्यों को लेकर विवादों में है। दूसरी तरफ विदेशी मुद्रा उल्लंघन मामले में इसके निर्माता पर ईडी ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। कुछ दिन पहले ही ईडी ने फेमा मामले में चेन्नई और केरल में 'एम्पुरान' फिल्म के निर्माता गोकुलम गोपालन और अन्य के खिलाफ छापेमारी की थी। इसके बाद गोकुलम गोपालन से पूछताछ भी की गई थी। इस बीच ईडी ने फिर से गोपालन को पूछताछ के लिए बुलाया है।समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, ईडी अधिकारियों ने बताया कि प्रवर्तन निदेशालय ने फिल्म निर्माता गोकुलम गोपालन को एक और नोटिस जारी किया है। इसमें उन्हें 22 अप्रैल को पूछताछ के लिए उपस्थित होने के लिए कहा गया है। ईडी ने नोटिस में यह भी साफ किया है कि वह व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हों या अपना प्रतिनिधि भेजें। इससे पहले ईडी ने कल उनसे करीब छह घंटे तक पूछताछ की थी। पिछले दिन पेश किए गए दस्तावेजों और उनके बयानों की जांच की जा रही है। ईडी को प्रारंभिक तौर पर फेमा नियमों का उल्लंघन मिला है। हालांकि, यह जांच की जा रही है कि कहीं बड़े पैमाने पर नियमों का उल्लंघन तो नहीं हुआ।कई धार्मिक संगठनों ने फिल्म पर आपत्ति जताई है। आरोप है कि फिल्म में कुछ वास्तविक घटनाओं और किरदारों को गलत तरीके से दिखाया गया है। मलयालम सिनेमा की 'एल 2 एम्पुरान' पैन-इंडिया स्तर पर रिलीज हुई है। यह एक्शन ड्रामा फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ठीकठाक कारोबार कर रही है। मगर इस बीच यह विवादों में भी फंस गई। फिल्म को लेकर आरोप हैं कि इसमें कुछ वास्तविक घटनाओं और किरदारों को गलत तरीके से दिखाया गया है।विवाद बढ़ने के बाद फिल्म की टीम ने खुद आगे आकर दोबारा सेंसर कराने का फैसला किया। सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन (सीबीएफसी) ने फिल्म में 24 कट्स लगाने का सुझाव दिया।




# उत्तर रेलवे के दो अधिकारियों समेत तीन पर सीबीआई का शिकंजा, रिश्वत लेते गिरफ्तार; करोड़ों की संपत्ति बरामद

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** सीबीआई ने उत्तर रेलवे के दो अधिकारियों समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है, जो रेलवे ठेके में लाभ पहुंचाने के लिए रिश्वत ले रहे थे। जांच में 63.85 लाख रुपये नकद, 3.46 करोड़ रुपये की कीमत की सोने की ईंटें और जेवर बरामद हुए हैं। सीबीआई ने सात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने रेलवे ठेके में लाभ पहुंचाने के लिए रिश्वत लेन-देन में उत्तर रेलवे के दो अधिकारियों समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। मामले में सात आरोपियों के 9 ठिकानों पर मारे गए छापे में सीबीआई ने 63.85 लाख रुपये नकद और 3.46 करोड़ रुपये के सोने की ईंटें और अन्य जेवर बरामद किए।सीबीआई ने सोमवार को जारी बयान में कहा, उत्तर रेलवे के नई दिल्ली स्थित डीआरएम ऑफिस में डिविजनल इलेक्ट्रिकल इंजीनियर (डीईई) साकेत चंद श्रीवास्तव और सीनियर सेक्शन इंजीनियर(एसईई) तपेंदर सिंह गुर्जर को 7 लाख रुपये की रिश्वत लेते पकड़ा गया है। इन दोनों के अलावा दिल्ली की कंपनी वत्सल इन्फोटेक प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े गौतम चावला को भी गिरफ्तार किया गया है। आरोप है कि गिरफ्तार आरोपी अवैध गतिविधियों में लिप्त थे और गलत तरीके से रेलवे के वर्क ऑर्डर पारित करते थे और रिश्वत लेकर बिल पास किया करते थे। गिरफ्तार साकेत श्रीवास्तव की पत्नी के लॉकर की तलाशी में ढाई करोड़ रुपये मूल्य के जेवर और सोने की ईंटें बरामद हुईं।सीबीआई ने रेलवे के तीन अधिकारियों समेत सात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। गिरफ्तार दोनों अधिकारियों के अलावा एक अन्य एसईई अरुण जिंदल, गौतम चावला, वत्सल इन्फोटेक, शिवमणि इंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक साकेत कुमार और शिवमणि कंपनी के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। इसके अलावा कई अज्ञात लोगों को भी प्राथमिकी में शामिल किया गया है।



# पश्चिम बंगाल सरकार को अब हाईकोर्ट से झटका, 313 शिक्षकों का वेतन तत्काल बंद करने के दिए निर्देश

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल सरकार को कलकत्ता हाईकोर्ट से एक और झटका लगा है, जहां कोर्ट ने 313 शिक्षकों का वेतन तत्काल बंद करने का आदेश दिया है। यह आदेश जीटीए में भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच के बाद दिया गया है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रभावित शिक्षकों से कहा कि वे स्कूलों में वापस लौटें। उन्होंने दो महीने में वैकल्पिक व्यवस्था का आश्वासन दिया। पश्चिम बंगाल सरकार अभी 25,753 शिक्षकों और कर्मचारियों का मामला सुलझा भी नहीं पाई है कि राज्य सरकार को शिक्षकों की भर्ती संबंधी एक अन्य मामले में कलकत्ता हाईकोर्ट से झटका लगा है। हाईकोर्ट ने सोमवार को बंगाल सरकार को एक साथ 313 शिक्षकों का वेतन बंद करने का आदेश दिया है।।मामले की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट के न्यायाधीश विश्वजीत बसु की पीठ ने यह निर्देश दिया। कोर्ट ने इसके लिए 72 घंटे की समय सीमा भी तय की है। जीटीए यानी पहाड़ों में शिक्षकों की भर्ती में भ्रष्टाचार के आरोप लगे थे। उस मामले की जांच सीआईडी कर रही थी। न्यायाधीश बसु ने पहले भी कई बार राज्य सरकार से भर्ती संबंधी जानकारी मांगी थी। हालांकि, कोर्ट को इसकी जानकारी नहीं दी गई। सोमवार को दस्तावेजों की जांच करने के बाद, न्यायाधीश ने शिक्षकों का वेतन बंद करने का आदेश दिया। साथ ही राज्य को 72 घंटे में 313 शिक्षकों की सभी जानकारी अदालत में प्रस्तुत करनी होगी। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को यहां नेताजी इंडोर स्टेडियम में नौकरी गंवाने वाले शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों से मुलाकात की। बनर्जी ने इस दौरान कहा, जब तक मैं जिंदा हूं किसी योग्य उम्मीदवार की नौकरी नहीं जाने दूंगी। बनर्जी ने प्रभावित शिक्षकों और कर्मचारियों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने-अपने स्कूलों में वापस लौटें और 'स्वेच्छा से' अपना कर्तव्य फिर से शुरू करें।बनर्जी ने आश्वासन दिया कि वह प्रभावित शिक्षकों के लिए दो महीने के भीतर वैकल्पिक व्यवस्था करेंगी। साथ ही मुख्यमंत्री ने यह भी पुष्टि की है कि उनकी सरकार सर्वोच्च न्यायालय के फैसले पर पुनर्विचार याचिका दायर करेगी। ममता बनर्जी ने कहा, शिक्षा व्यवस्था को नष्ट करने की साजिश चल रही है। पश्चिम बंगाल माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (डब्ल्यूबीबीएसई) ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की। याचिका में पिछले सप्ताह 25,000 से अधिक स्कूल नौकरियों को रद्द करने के आदेश में संशोधन की मांग की गई।



# बॉलीवुड/टेली मसाला

## सबसे ज्यादा कमाई करने वाली मलयालम फिल्म बनी 'एल 2 एम्पुरान', सिर्फ नौ दिनों में बनाया रिकॉर्ड

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** सबसे ज्यादा कमाई करने वाली मलयालम फिल्म बनी 'एल 2 एम्पुरान', सिर्फ नौ दिनों में दुनियाभर में 250 करोड़ से भी ज्यादा की कमाई कर चुकी है। इसके साथ ही ये सबसे ज्यादा कमाई करने वाली मलयालम फिल्म करोड़) और '2018' (110.50 करोड़ रुपये) ही हैं। जिस रफ्तार से 'एल 2 एम्पुरान' सिनेमाघरों में चल रही है, ऐसी उम्मीद जताई जा



बनाया रिकॉर्ड एंटरटेनमेंट डेस्क, अमर उजाला इल्त्रेप् 'बृथ्वीराज सुकुमारन के निर्देशन में बनी मलयालम सुपरस्टार मोहनलाल की हालिया रिलीज फिल्म 'एल 2 एम्पुरान' बॉक्स ऑफिस पर लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही है। अब ये फिल्म मलयालम की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। इसने सिर्फ नौ दिनों में ही मलयालम की अब तक सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म 'मंजुम्मेल बॉयज' को पीछे छोड़ दिया है बॉक्स ऑफिस रिपोर्ट्स के मुताबिक, मोहनलाल की 'एल 2 एम्पुरान' अब तक बन गई है और अभी भी सिनेमाघरों में शानदार तरीके से चल रही है। इससे पहले चिदंबरम द्वारा निर्देशित फिल्म 'मंजुम्मेल बॉयज' ने दुनियाभर में कुल 241 करोड़ रुपए की कमाई की थी। जिसे 'एल 2 एम्पुरान' ने अपनी रिलीज के सिर्फ नौ दिनों में ही पीछे छोड़ दिया है। यही नहीं मोहनलाल और पृथ्वीराज सुकुमारन की फिल्म 'एल 2 एम्पुरान' भारत में तीसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन चुकी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'एल 2 एम्पुरान' भारत में अब तक 106 करोड़ रुपए की कमाई कर चुकी है। इससे आगे अब सिर्फ 'अदुजीविथम' (167.50 रही है कि ये फिल्म जल्द ही '2018' को भी पीछे छोड़ देगी। वहीं 'एल 2 एम्पुरान' इस साल सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों के मामले में भी तीसरे नंबर पर है। उससे आगे अब सिर्फ विक्की कौशल की 'छावा' और अभिनेता वेंकटेश की 'संक्रांतिकी वस्तुनम' ही हैं।पृथ्वीराज सुकुमारन द्वारा निर्देशित 'एल 2 एम्पुरान' विवादों में भी फंस चुकी है। हालांकि, इससे फिल्म की कमाई पर कोई ज्यादा असर नहीं पड़ा है। इस फिल्म में मोहनलाल और पृथ्वीराज सुकुमारन के अलावा मंजू वॉरियर, सूरज वासुदेवन और टोविनो थामस जैसे सितारे भी नजर आए हैं।

## इस साउथ निर्देशक के साथ पर्दे धमाल मचाने की तैयारी में ऋतिक रोशन, सोशल मीडिया पर अटकलें तेज

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।**ऋतिक रोशन 'वॉर 2' मीडिया पर चल रही चर्चाओं के मुताबिक बॉबी कोली जल्द ही रहा है और नए-नए प्रयोगों के लिए जाना जाता है। अगर ये फिल्म



और 'कृष 4' को लेकर चर्चा में हैं। इस बीच कहा जा रहा है कि वह एक मशहूर साउथ निर्देशक के साथ भी काम कर सकते हैं। तेलुगु सिनेमा के मशहूर निर्देशक बॉबी कोली ने अपनी पिछले दो फिल्मों 'वाल्टेयर वीरैया' और 'डाकू महाराज' से दर्शकों का दिल जीत है। इन फिल्मों में उन्होंने सीनियर हीरो चिरंजीवी और बालकृष्ण को जिस शानदार अंदाज में पेश किया, उसकी हर तरफ तारीफ हुई। अब फैंस उनकी अगली फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। सोशल बॉलीवुड के 'ग्रीक गॉड' कहलाने वाले ऋतिक रोशन के साथ काम कर सकते हैं। कहा जा रहा है कि हाल ही में बॉबी ने ऋतिक से मुलाकात की और उन्हें एक कहानी सुनाई। ये कहानी ऋतिक को इतनी पसंद आई कि दोनों के बीच बात आगे बढ़ रही है। अगर सब कुछ ठीक रहा तो बॉबी अपनी पहली हिंदी फिल्म ऋतिक के साथ बना सकते हैं। इस बड़े प्रोजेक्ट को तेलुगु फिल्मों की जानी-मानी प्रोडक्शन कंपनी मैत्री मूवी मेकर्स प्रोड्यूस कर सकती है। ये बैनर कई भाषाओं में फिल्में बना बनती है तो ये इस प्रोडक्शन हाउस की बॉलीवुड में बड़ा कदम होगा।फिलहाल ऋतिक रोशन 'वॉर 2' की शूटिंग में व्यस्त हैं, जिसमें उनके साथ जूनियर एनटीआर भी नजर आएंगे। इस फिल्म के बाद ऋतिक 'कृष 4' में काम शुरू करेंगे, जिसका निर्देशन वह खुद ही करेंगे। ऋतिक की पिछली फिल्मों की बात करें तो उन्हें फिल्म फाइटर में देखा गया था। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी थी।

## साउथ सिनेमा से हुए 'राइज', दुनियाभर में किया 'रूल'; 'पुष्पा' बन दिलों बस गए अल्लू अर्जुन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** आज पैन इंडिया स्टार अल्लू अर्जुन का 43वां जन्मदिन है। चलिए इस खास मौके पर जानते हैं सुपरस्टार के बारे में कुछ दिलचस्प बातें साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन 8 अप्रैल को अपना जन्मदिन मनाते हैं। ठस्टाइलिश स्टारठ और ठआइकन स्टारठ जैसे नामों से मशहूर अल्लू अर्जुन आज भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े नामों में से एक हैं। 1982 में जन्मे इस अभिनेता ने अपनी शानदार अभिनय से दक्षिण भारत से लेकर पूरे देश में अपनी धाक जमाई है। खास तौर पर ठपुष्पाः द राइजठ और ठपुष्पा 2ः द रूलठ जैसी फिल्मों ने उन्हें पैन इंडिया स्टार का दर्जा दिलाया। चलिए आज उनके 43वें जन्मदिन के मौके पर जानते हैं उनके जीवन, करियर और परिवार से जुड़े कुछ रोचक और अनसुने पहलू अल्लू अर्जुन का जन्म 8 अप्रैल 1982 को चेन्नई में हुआ था। वे एक ऐसे परिवार से आते हैं, जहां सिनेमा की जड़ें गहरी हैं। उनके पिता अल्लू अरविंद एक मशहूर फिल्म निर्माता हैं, जबकि दादा अल्लू रामलिंगैया तेलुगु सिनेमा के दिग्गज हास्य अभिनेता थे, जिन्होंने 1000 से ज्यादा फिल्मों में काम किया। उनके चाचा चिरंजीवी और पवन कल्याण साउथ के सुपरस्टार हैं और चचेरे भाई राम चरण भी आज के बड़े सितारों में शुमार हैं। इस फिल्मी माहौल में पले-बढ़े अल्लू अर्जुन का झुकाव बचपन से ही कला की ओर था। उन्होंने अपनी पढ़ाई चेन्नई के सेंट पैट्रिक स्कूल से की और बाद में हैदराबाद में बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन की डिग्री हासिल की। लेकिन किताबों से ज्यादा उनका मन डांस और एक्टिंग में रमा। बचपन में वे माइकल जैक्सन के



बड़े फैन थे और उनकी नकल करते हुए डांस सीखा, जो बाद में उनकी फिल्मों में उनकी पहचान बना। अल्लू अर्जुन ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत महज तीन साल की उम्र में की थी। 1985 में फिल्म ठविजेताठ में उन्होंने एक छोटी सी भूमिका निभाई। इसके बाद 2001 में ठडैडीठ में वे एक डांसर के तौर पर नजर आए, लेकिन असली शुरुआत हुई 2003 में फिल्म ठगंगोत्रीठ से, जिसमें उन्होंने लीड रोल निभाया। यह फिल्म हिट रही और उन्हें पहचान मिली। उनके करियर का असली टर्निंग पॉइंट 2004 में आई फिल्म ठआर्याठ थी। सुकुमार के निर्देशन में बनी इस फिल्म में अल्लू अर्जुन का बिंदास और भावुक किरदार दर्शकों को खूब पसंद आया। इस फिल्म ने उन्हें ठस्टाइलिश स्टारठ की उपाधि दी और नंदी स्पेशल जूरी अवॉर्ड भी दिलाया। इसके बाद ठदेसमुदुरुठ, ठपरुगुठ, ठवेदमठ, ठरेस गुर्रमठ और ठअला वैकुंठपुरमलोठ जैसी फिल्मों ने उन्हें साउथ का सुपरस्टार बनाया। अल्लू अर्जुन का नाम 2021 में ठपुष्पाः द राइजठ के साथ देशभर में गूंजा। इस फिल्म में उन्होंने पुष्पा राज का किरदार निभाया, जो एक कुली से तस्कर बनने की कहानी थी। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 350 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की और हिंदी बेल्ट में भी धमाल मचाया। उनके डायलॉग ठझुकेगा नहीं सालाठ और ठफ्लावर नहीं, फायर हूं मैंठ हर जुबान पर चढ़ गए। इस फिल्म के लिए उन्हें बेस्ट एक्टर का नेशनल अवॉर्ड भी मिला, जो तेलुगु सिनेमा के लिए गर्व की बात थी। 2021 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म बनी। हिंदी बेल्ट में भी इसकी जबरदस्त सफलता ने उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई। पुष्पा 2ः द रूलठ 5 दिसंबर 2024 को रिलीज हुई और बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया। यह फिल्म 1642 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई कर, भारत की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई और ठबाहुबली 2ठ को पीछे छोड़ दिया। यह तीसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म भी है। फिल्म में अल्लू अर्जुन का स्वैग और एक्शन दर्शकों को खूब पसंद आया। हालांकि रिलीज के दौरान हैदराबाद में हुई भगदड़ की घटना ने विवाद भी खड़ा किया, जिसमें उन्हें अंतरिम जमानत मिली। 2025 में अल्लू अर्जुन की नेट वर्थ लगभग 460 करोड़ रुपये अनुमानित है, जो उनकी फिल्म फीस, एंडोर्समेंट्स और बिजनेस से आती है। ठपुष्पा 2ठ के लिए उन्होंने 300 करोड़ रुपये फीस ली, जो फिल्म के बजट का 40 प्रतिशत था। उनकी संपत्तियों में हैदराबाद में 100 करोड़ रुपये का बंगला, प्राइवेट जेट, और सात करोड़ रुपये की कस्टमाइज्ड वैनिटी वैन शामिल है। वे ठएएए सिनेमाजठ नामक मल्टीप्लेक्स चेन और ठबफैलो वाइल्ड विंग्सठ रेस्तरां के फ्रेंचाइजी के भी मालिक हैं।

## डेटिंग की चर्चाओं के बीच फिर एकसाथ दिखे अगस्त्य-सुहाना, दोस्तों के साथ एंजॉय किया डिनर

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** सुहाना खान और अगस्त्य नंदा को अक्सर एकसाथ देखा जाता है, जिसके चलते दोनों के अफेयर की चर्चाएं भी आए दिन बॉलीवुड की गलियों में सुनने को मिल जाती हैं। अब एक बार फिर दोनों साथ में दिखे हैं। शाहरुख खान की लाडली सुहाना खान और अमिताभ बच्चन के नाती व अभिनेता अगस्त्य नंदा के अफेयर की खबरें बी-टाउन की गलियों में लगातार बनी रहती हैं। हालांकि, इन दोनों की तरफ से आजतक इस बारे में कोई बात नहीं की गई है। मगर दोनों को अक्सर ही साथ में समय बिताते या दोस्तों के साथ डिनर पर देखा जाता है। एक बार फिर दोनों स्टारकिड पैपराजी के कैमरों में कैद हुए हैं। जब दोनों दोस्तों के साथ डिनर के बाद रेस्टोरेंट से बाहर निकल रहे थे। डेटिंग की अफवाहों के बीच सुहाना खान और अगस्त्य नंदा सोमवार की रात में अपने दोस्तों के साथ डिनर का आनंद लेने के लिए निकले। इस दौरान दोनों पैप्स के कैमरों में भी कैद हुए। हालांकि, इस दौरान दोनों



अपने कुछ और दोस्तों के साथ थे और रेस्टोरेंट से भी दोनों अलग-अलग ही बाहर निकले। वायरल वीडियो में सुहाना खान को नाओमिका सरन, अक्षय कुमार की भांजी सिमर भाटिया और कुछ अन्य दोस्तों के साथ एक रेस्टोरेंट से बाहर आते देखा गया। इसके बाद उसी रेस्टोरेंट से कुछ दोस्तों के साथ अगस्त्य नंदा भी बाहर आए। ऐसे में एक बार फिर दोनों के डेटिंग की चर्चाओं ने जोर पकड़ लिया। इससे पहले अगस्त्य को मुंबई में हुई मैडॉक फिल्म्स की पार्टी में भी देखा गया था। जहां अगस्त्य ने कैमरे के सामने पोज भी दिए थे। इसके बाद अगस्त्य और सुहाना को कुछ दोस्तों के साथ बांद्रा के एक रेस्टोरेंट से डिनर के बाद बाहर निकलते देखा गया। इस दौरान सुहाना खान बॉडीकॉन ड्रेस में काफी सिंपल लुक में नजर आईं। जबकि अगस्त्य नंदा मोनोक्रोम आउटफिट में काफी हैंडसम दिख रहे थे। उन्होंने गहरे नेवी ब्लू शर्ट और ट्राउजर के साथ मैचिंग जैकेट पहनी थी। वर्कफ्रंट की बात करें तो सुहाना खान जहां अपनी अपकमिंग फिल्म 'किंग' को लेकर लगातार चर्चाओं में बनी हुई हैं। जिसमें उनके साथ पिता शाहरुख खान भी नजर आएंगे। तो वहीं अगस्त्य नंदा अक्षय कुमार की भांजी सिमर भाटिया के साथ श्रीराम राघवन द्वारा निर्देशित फिल्म 'इक्कीस' में नजर आएंगे।

## सिर्फ जया बच्चन को ही नहीं आता गुस्सा, शाहरुख-सलमान का एंग्री नेचर भी है मशहूर

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के कई सितारे हैं जो जब-तब फैंस, पैपराजी पर गुस्सा हो जाते हैं। जया बच्चन को अकसर ही इस तरह का



व्यवहार करते देखा गया। कई नामी बॉलीवुड एक्टर्स भी हैं, जिनका गुस्सैल व्यवहार चर्चा में रहा। जानिए, कब-कब एक्टर, एक्ट्रेस ने अपने गुस्से को जाहिर किया? हाल ही में जया बच्चन मनोज कुमार की प्रार्थना सभा में नजर आईं। सोशल मीडिया पर जया बच्चन का एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें वह एक महिला को डांट रही हैं। कुछ लोगों ने जया को इस बात के लिए ट्रोल किया तो कुछ उनके सपोर्ट में दिखे। पहले भी कई बार जया पैपराजी को डांट चुकी हैं। जया बच्चन ही अकेली सेलिब्रिटी नहीं हैं जो अपने गुस्से के लिए मशहूर हैं, इस लिस्ट में कुछ और सितारों के नाम भी शामिल हैं। जानिए, ऐसे ही कुछ सितारों के बारे में, जो अपने गुस्से के कारण चर्चा में आए। शाहरुख खान ने कुछ वर्ष पहले एक पत्रकार को धमकाया था, जिसके लिए उन्हें जेल भी जाना पड़ा। नाना पाटेकर ने उनकी जमानत करवाई थी। मामला कुछ ऐसा था कि फिल्म 'माया मैमसाहब' की को-एक्ट्रेस और शाहरुख को लेकर एक गलत खबर मैगजीन में छाप दी गई। इससे शाहरुख नाराज हो गए, वह उस पत्रकार के पास पहुंचे और खूब झगड़ा किया। झगड़ा इतना बढ़ गया कि शाहरुख ने तोड़-फोड़ भी की। इस वजह से उन्हें जेल जाना। अब शाहरुख लोगों को बहुत ही संभलकर जवाब देते हैं। साल 2000 में सलमान खान ने भी कुछ फोटोग्राफर्स को धक्का मार दिया था। यह वीडियो आज भी सोशल मीडिया पर मौजूद है। इसके बाद लंबे वक्त तक फोटोग्राफर्स और सलमान के बीच मनमुटाव चलता रहा।

## बच्चों और परिवार के साथ अल्लू अर्जुन ने मनाया अपना जन्मदिन, पत्नी ने दिखाई जश्न की झलक

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।**अभिनेता अल्लू अर्जुन आज 43 साल के हो गए हैं। इस मौके पर उनकी पत्नी ने एक्टर के जन्मदिन के सेलिब्रेशन की झलक दिखलाई है। जानिए अल्लू अर्जुन ने कैसे मनाया अपना ये खास दिन तेलुगु सुपरस्टार अल्लू अर्जुन आज अपना 43वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस मौके पर उन्हें फिल्म जगत से जुड़े लोग बधाइयां दे रहे हैं। अभिनेता ने अपना बर्थडे अपने परिवार के साथ मिलकर मनाया। जिसमें उनकी पत्नी और उनके बच्चे शामिल रहे। अल्लू अर्जुन को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनकी पत्नी स्नेहा रेड्डी ने अभिनेता के जन्मदिन के सेलिब्रेशन की एक झलक उनके फैंस को दिखाई है अल्लू अर्जुन की पत्नी स्नेहा रेड्डी ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अभिनेता को बर्थडे विश करते हुए एक तस्वीर साझा की है। इस तस्वीर में अल्लू अर्जुन पत्नी स्नेहा और अपने दोनों बच्चों बेटे अयान और बेटी अरहा के साथ केक काटते नजर आ रहे हैं। इस दौरान अल्लू अर्जुन काले कपड़ों में नजर आ रहे हैं। उनके साथ में उनका बेटा और बेटी भी खड़े हैं। इस स्टोरी को शेयर करते हुए स्नेहा ने बड़े ही साधारण तरीके से सिर्फ हैप्पी बर्थडे लिखा है। साथ में दिल और नजर वाले इमोजी का इस्तेमाल किया है वर्कफ्रंट की बात करें तो अल्लू अर्जुन आखिरी बार पिछले साल रिलीज हुई अपनी ब्लॉकबस्टर फिल्म 'पुष्पा 2' में नजर आए थे। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया था और कमाई के कई रिकॉर्ड स्थापित किए थे। 'पुष्पा 2' एक पैन इंडिया फिल्म है, जिसे तेलुगु समेत कई भाषाओं में रिलीज किया गया है। ये 2021 में आई फिल्म 'पुष्पाः द राइज' का सीक्वल है। दोनों फिल्मों में अल्लू अर्जुन के साथ अभिनेत्री रश्मिका मंदाना नजर आई हैं। अब अल्लू अर्जुन निर्देशक एटली की अगली फिल्म में नजर आने वाले हैं। इसको लेकर काफी बज क्रिएट हो रहा है।



## मलाइका अरोड़ा के खिलाफ फिर जारी हुआ जमानती वारंट, सैफ अली खान से जुड़ा है मामला

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** मलाइका अरोड़ा के खिलाफ मुंबई की एक अदालत ने



दोबारा जमानती वारंट जारी किया है। मामला सैफ अली खान से जुड़ा हुआ है। आइए इसके बारे में विस्तार से जानते हैं मुंबई की एक कोर्ट ने अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा के खिलाफ दोबारा जमानती वारंट जारी किया है। ये मामला 2012 का है, जब सैफ अली खान पर एक एनआरआई बिजनेसमैन के साथ मारपीट का आरोप लगा था। मलाइका उस वक्त सैफ के साथ मौजूद थीं, लेकिन वो गवाह के तौर पर कोर्ट में हाजिर नहीं हुईं। ये घटना 22 फरवरी 2012 की है। सैफ अली खान अपनी पत्नी करीना कपूर, करिश्मा कपूर, मलाइका अरोड़ा, अमृता अरोड़ा और कुछ दोस्तों के साथ मुंबई के एक फाइव-स्टार होटल में डिनर के लिए गए थे। उसी दौरान एनआरआई बिजनेसमैन इकबाल मीर शर्मा ने सैफ और उनके ग्रुप की तेज आवाज और हंगामे पर आपत्ति जताई। पुलिस के मुताबिक इसके बाद सैफ ने इकबाल मीर शर्मा को धमकी दी और उनकी नाक पर मुक्का मार दिया, जिससे उनकी नाक टूट गई। इकबाल ने ये भी आरोप लगाया कि सैफ और उनके दोस्तों ने उनके ससुर रमन पटेल को भी पीटा। हालांकि, सैफ का कहना है कि शर्मा ने उनके साथ मौजूद महिलाओं के खिलाफ भद्दी टिप्पणी की थी, जिसके बाद झगड़ा हुआ। इस मामले में सैफ और उनके दो दोस्तों- शकील लदाक और बिलाल अमरोही पर भारतीय दंड संहिता की धारा 325 (मारपीट) के तहत चार्जशीट दाखिल की गई है। तीनों को गिरफ्तारी के बाद जमानत मिल गई थी। मुंबई की एस्प्लेनेड कोर्ट के चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट के एस झंवर इस केस में गवाहों के बयान दर्ज कर रहे हैं। मलाइका उस ग्रुप का हिस्सा थीं, जो घटना के वक्त होटल में मौजूद था। कोर्ट ने उन्हें गवाह के तौर पर पेश होने के लिए कहा था। पहली बार 15 फरवरी को उनके खिलाफ जमानती वारंट जारी हुआ था, लेकिन वो नहीं आईं।

स्वात्वाधिसकसार एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सस्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0-09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोट- इस समाचार पत्र मे प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हंतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगा।